Drishti IAS

# डेली क्विज़

(संग्रह)



## मार्च

## भाग-2

## 2025

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry: +91-87501-87501

Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. उच्च लवणता
2. उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु
3. उच्च तरंग ऊर्जा
4. कम ऑक्सीजन वाली गादयुक्त मृदा

**उपर्युक्त स्थितियों में से कौन सी मैंग्रोव वनों की वृद्धि के लिये आवश्यक हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**2. प्राचीन और मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित बंदरगाहों और उनकी संबंधित व्यापार विशेषज्ञताओं पर विचार कीजिये:**

1. लोथल: मोतियों, रत्नों और सूती वस्त्रों का निर्यात
2. मुज़िरिस: रोमन साम्राज्य के साथ मसालों और हाथीदांत का व्यापार
3. मसूलीपट्टनम: 17वीं शताब्दी में यूरोपीय कपड़ा व्यापार का प्रमुख केंद्र

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**3. निम्नलिखित पर विचार कीजिये और नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

1. एक्टिवेटिड स्लज प्रोसेस
2. ट्रिकलिंग फिल्टर
3. रिवर्स ऑस्मोसिस
4. बायोरेमेडिएशन

**उपर्युक्त में से कौन सी विधियाँ अपशिष्ट जल उपचार में उपयोग की जाती हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**4. हाल ही में भारत में खोजे गए उनियाला केरलेंसिस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक नई पहचान की गई चमगादड़ प्रजाति है जिसे हाल ही में अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व में खोजा गया है।
2. इसकी संख्या और खतरों के बारे में सीमित जानकारी के कारण इसकी IUCN स्थिति, डेटा डेफिसिएंट (DD) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**5. "ज़ीरो टिलेज फार्मिंग" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें मृदा की जुताई किये बिना फसल बोना शामिल है।
2. यह तकनीक मृदा की नमी को संरक्षित करने और मृदा के कटाव को कम करने में सहायक है।
3. पारंपरिक कृषि पद्धतियों की तुलना में ज़ीरो टिलेज फार्मिंग में अधिक श्रम की आवश्यकता होती है।
4. यह उच्च वर्षा और आर्द्रता वाले क्षेत्रों के लिये सबसे उपयुक्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 2 और 4
D. केवल 1 और 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

6. **CAR T-सेल थेरेपी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   1. यह एक प्रकार की जीन थेरेपी है जो कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने और नष्ट करने के क्रम में रोगी की T-कोशिकाओं में परिवर्तन करने पर केंद्रित है।
   2. CAR T-सेल थेरेपी संभावित दुष्प्रभावों से संबंधित है जिसमें साइटोकाइन रिलीज़ सिंड्रोम और न्यूरोटॉक्सिसिटी शामिल हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

7. **धनप्रेषण को भुगतान संतुलन ( BoP ) के निम्नलिखित में से किस घटक के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है ?**

   A. पूंजी खाता
   B. चालू खाता
   C. वित्तीय खाता
   D. व्यापार खाता

8. **प्रकाश की तरंग प्रकृति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

   1. ध्रुवीकरण प्रकाश जैसी अनुप्रस्थ तरंगों का मूलभूत गुण है, लेकिन ध्वनि जैसी अनुदैर्ध्य तरंगों का नहीं।
   2. अवरोधों के चारो ओर प्रकाश तरंगों के मुड़ने के कारण विवर्तन की घटना होती है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

9. **यमन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   1. यह मध्य पूर्व में अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी सिरे पर स्थित है।
   2. इसकी सीमा उत्तर में सऊदी अरब और पूर्व में ओमान से लगती है।
   3. इसकी तटरेखा पश्चिम में लाल सागर, दक्षिण में अदन की खाड़ी, अरब सागर और गार्डाफुई चैनल तक विस्तारित है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई नहीं

10. **कभी-कभी समाचारों में आने वाली mBridge परियोजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

    A. यह सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के उपयोग पर आधारित एक डिजिटल क्रॉस-बॉर्डर भुगतान प्रणाली है।
    B. यह सीमा सुरक्षा हेतु AI-संचालित साइबर सुरक्षा ढाँचा है।
    C. यह वैश्विक व्यापार निपटान हेतु एक विकेंद्रीकृत वित्तीय (DeFi) मंच है।
    D. यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु ब्लॉकचेन-आधारित आपूर्ति शृंखला प्रबंधन प्रणाली है।

11. **कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम ( CCTS ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

    1. इसे भारतीय कार्बन बाज़ार (ICM) की स्थापना के लिये ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत पेश किया गया था।
    2. इस योजना में ऊर्जा दक्षता से हटकर ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
    3. इसके अंतर्गत उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को पार करने वाले उद्योगों को ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (ESCerts) जारी किया जाता है।

    **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**12. मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं (आशा) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आशा कार्यकर्त्ता सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक हैं, जिनका नियोजन वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में किया गया था।
2. आशा कार्यकर्त्ता स्वास्थ्य सेवा की सुलभता में सुधार के लिये एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) के अंतर्गत आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं (AWW) के साथ मिलकर काम करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**13. बोंगोसागर 2025 नौसैनिक अभ्यास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अभ्यास भारतीय नौसेना और श्रीलंकाई नौसेना के बीच हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता बढ़ाने के लिये आयोजित किया गया था।
2. अभ्यास में भाग लेने वाला INS रणवीर एक राजपूत श्रेणी का निर्देशित मिसाइल विध्वंसक है, जिसे वर्ष 1986 में कमीशन किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**14. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह कोसस्थलाई नदी के तट पर स्थित है।
2. इसमें पल्लव राजा अपराजिता और चोल राजा आदित्य प्रथम के शिलालेख और अभिलेख मौजूद हैं।
3. इसमें द्रविड़ शैली की वास्तुकला देखने को मिलती है, जो तंजावुर के बृहदेश्वर मंदिर के समान है।

**निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छा वर्णित है?**

A. जलनाथेश्वर मंदिर
B. ऐरावतेश्वर मंदिर
C. कैलाशनाथर मंदिर, कांचीपुरम
D. वैथीस्वरन कोइल

**15. ओमान की खाड़ी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरब सागर का पश्चिमी विस्तार है।
2. यह होर्मुज़ जलडमरूमध्य और जिब्राल्टर जलडमरूमध्य को जोड़ता है।
3. चीन, ईरान और रूस ने ओमान की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2025 नौसैनिक अभ्यास आयोजित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**16. अंतरिक्ष डॉकिंग में भारत की हालिया उपलब्धि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत अंतरिक्ष डॉकिंग और अनडॉकिंग क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया है।
2. डॉकिंग प्रयोग में SDX01 (टारगेट) और SDX02 (चेज़र) उपग्रह शामिल थे।
3. यह तकनीक भारत के भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और भविष्य के चंद्र मिशनों के लिये महत्त्वपूर्ण होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**17. निम्नलिखित में से कौन फाइव आइज एलायंस का सदस्य नहीं है ?**

1. कनाडा
2. न्यूज़ीलैंड
3. फ्राँस
4. यूनाइटेड किंगडम
5. संयुक्त राज्य अमेरिका

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**18. आधारीय गुच्छिकाओं (Basal Ganglia) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मस्तिष्क को आनंददायक गतिविधियों की प्रेरणा देता है, चाहे वह भोजन, सामाजिक संपर्क या मादक द्रव्यों से हो।
2. आधारीय गुच्छिकाएँ (Basal Ganglia) आनंददायक व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिये डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के साथ कार्य करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**19. नवयान बौद्ध धर्म से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें पारंपरिक आध्यात्मिक सिद्धांतों की तुलना में सामाजिक समानता और वर्ग संघर्ष पर ज़ोर दिया जाता है।
2. इसमें चार आर्य सत्यों और पुनर्जन्म के बौद्ध सिद्धांतों को बढ़ावा दिया जाता है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**20. यदा-कदा समाचारों में रहने वाला नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है ?**

A. आर्मेनिया और अज़रबैजान
B. यूक्रेन और रूस
C. जॉर्जिया और तुर्की
D. ईरान और तुर्कमेनिस्तान

**21. मेलियोडोसिस के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक जीवाणुजनित संक्रामक रोग है, जो वर्षा, ताप और आर्द्रता से संबंधित है।
2. यह **Burkholderia pseudomallei** के कारण होता है और **टीकाकरण** तथा मुख्य रूप से मृदा एवं जल में रहने वाले पर्यावरणीय **मृतजीवी** का **अंत: श्वसन और/ अथवा अंतर्ग्रहण** करने से इसका संचरण होता है।
3. यह भारत में स्थानिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**22. मेनहिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मेनहिर **बृहद, उर्ध्वाधर पाषाण** होते हैं, जिनका **आकार सामान्यत: ऊपर की ओर पतला** होता है और ये मनुष्यों द्वारा स्थापित किये जाते हैं।
2. **मुदुमल के मेनहिर भारत के प्राचीनतम (3,500-4,000 BP) मेनहिर हैं**, तथा कृष्णा नदी के तट के समीप अवस्थित हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. तेलंगाना स्थित मुदुमल महापाषाणकालीन मेनहिर को वर्ष 2025 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अनंतिम सूची में शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**23. अधिसूचित रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी अधिसूचित रोग की रिपोर्ट वैकल्पिक रूप से की जाती है, तथा उसके लिये ट्रैकिंग या संसाधन आवंटन की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं होती।
2. तपेदिक, मलेरिया और कोविड-19 जैसी संक्रामक बीमारियाँ आमतौर पर फैलने की क्षमता के कारण सूचित करने योग्य होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**24. विनिवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सरकार द्वारा धन संग्रहण तथा निजी भागीदारी को सीमित करने के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSE) में हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया है।
2. विनिवेश के तरीकों में असूचीबद्ध कंपनियों के लिये इनिशियल पब्लिक ऑफर, सूचीबद्ध कंपनियों के लिये फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर, तथा त्वरित हिस्सेदारी बिक्री के लिये ऑफर फॉर सेल शामिल हैं।
3. विनिवेश प्रक्रिया वित्त मंत्रालय के अंतर्गत निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**25. यदा-कदा समाचारों में आने वाले ओपनिंग डोर टू इंडिया नीति किस देश से संबंधित है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. यूनाइटेड किंगडम
C. न्यूज़ीलैंड
D. जापान

**26. अभ्यास वरुण-2025 निम्नलिखित में से किन देशों के बीच आयोजित किया जाता है?**

A. भारत-फ्राँस
B. भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका
C. भारत-इंडोनेशिया
D. भारत-नेपाल

**27. किलिफिश प्रजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वन में पाई गई पहली ज्ञात स्थानिक किलिफिश है, जो केन्या के गोंगोनी वन में खोजी गई है, जो लगभग 7.09 मिलियन वर्ष प्राचीन है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट के अंतर्गत गंभीर रूप से संकटापन्न के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा यह केन्या में स्थानिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**28. केन्या के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केन्या की सीमाएँ दक्षिण सूडान, इथियोपिया, सोमालिया, युगांडा, तंज़ानिया और हिंद महासागर से लगती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. भारत अपने चीता पुनर्वास परियोजना के तहत कुनो राष्ट्रीय उद्यान के लिये केन्या से 20 चीते मंगा रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**29. निम्नलिखित में से कौन वैश्विक जलवायु रिपोर्ट जारी करता है ?**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
C. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)
D. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)

**30. क्रू ड्रैगन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रू ड्रैगन जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) के हायाबुसा 2 अंतरिक्ष यान का एक प्रकार है।
2. सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान "फ्रीडम" पर सवार होकर पृथ्वी पर वापस आये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**31. हाल ही में खबरों में रहा द्विअपवर्तन, का सबसे अच्छा वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है ?**

A. कुछ पदार्थों का प्रकाशिक गुण, जिसमें आपतित प्रकाश दो किरणों में विभाजित हो जाता है, तथा प्रत्येक किरण अलग-अलग दिशाओं में भिन्न अपवर्तनांक के कारण अलग-अलग गति से यात्रा करती है।
B. वह घटना जिसमें प्रकाश एक माध्यम में पूर्णत: परावर्तित हो जाता है, जब वह किसी निश्चित क्रांतिक कोण पर इंटरफेस से टकराता है।
C. किसी पदार्थ की प्रकाश को अवशोषित करने और उसे भिन्न तरंगदैर्घ्य पर पुन: उत्सर्जित करने की क्षमता, जो सामान्यत: फ्लोरोसेंट पदार्थों में देखी जाती है।
D. प्रकाश की तरंगदैर्घ्य से बहुत छोटे कणों द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन, आकाश को नीला दिखाई देने का कारण बनता है।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. देशी मवेशियों और पशुधन के अनुकरणीय प्रबंधन को मान्यता देने के लिये गोपाल रत्न पुरस्कार और कामधेनु पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।
2. देशी नस्लों के संवर्द्धन और संरक्षण के लिये गोकुल ग्राम।
3. जीन-आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उच्च-योग्यता वाले बैलों का चयन करने के लिये जीनोमिक संवर्द्धन हेतु राष्ट्रीय बोवाइन जीनोमिक केंद्र।

**उपर्युक्त में से कितने राष्ट्रीय गोकुल मिशन का हिस्सा हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**33. संयुक्त राष्ट्र यातना विरोधी सम्मेलन (UNCAT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNCAT के अनुसार, यातना किसी सार्वजनिक अधिकारी की सहभागिता या सहमति से, विशेष उद्देश्यों के लिये, जानबूझकर गंभीर शारीरिक या मानसिक पीड़ा पहुँचाने की क्रिया है।
2. UNCAT के तहत, राज्यों को घरेलू कानूनों के माध्यम से यातना को अपराध घोषित करना और पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करना आवश्यक है।
3. भारत ने UNCAT पर हस्ताक्षर और अनुसमर्थन दोनों कर दिये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**34. उपभोक्ता अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 15 मार्च 1983 को स्थापित यह दिन (15 मार्च) राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के वर्ष 1962 में अमेरिकी कॉन्ग्रेस को दिये गये संबोधन के स्मरण में मनाया जाता है।
2. भारत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधिनियमन के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**35. ध्वन्यास्त्रों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ध्वन्यास्त्र ऐसे उपकरण हैं जो लंबी दूरी तक अत्यधिक संकेंद्रित, प्रवर्धित ध्वनि प्रदान करते हैं, जिनका उपयोग सामान्यत: भीड़ को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
2. इन्फ्रासोनिक वेपन उच्च आवृत्ति की ध्वनि उत्सर्जित करता है जो मुख्य रूप से 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं को प्रभावित करता है, जिससे असुविधा होती है और भटकाव होता है।
3. मॉस्किटोडिवाइस निम्न आवृत्ति वाली, अश्रव्य ध्वनि उत्पन्न करती है, जिससे दर्द और भटकाव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

**36. रामदेवरा बेट्टा गिद्ध अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का पहला और एकमात्र गिद्ध अभयारण्य है जिसकी स्थापना वर्ष 2012 में लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों की सुरक्षा के लिये की गई थी।
2. इसे भारत में पाई जाने वाली सभी नौ गिद्ध प्रजातियों का आवास स्थान माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**37. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द प्राकृतिक कृषि का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?**

A. एक कृषि पद्धति जिसमें अधिक फसल उपज के लिये रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है।
B. एक कृषि तकनीक जिसमें एकल फसल उगाना तथा फसलों के लिये अधिक जल का उपयोग शामिल है।
C. एक कृषि पद्धति जो उत्पादकता बढ़ाने के लिये आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GM) को एकीकृत करती है।
D. एक रसायन मुक्त, पारंपरिक कृषि पद्धति जो फसलों, पेड़ों और पशुधन को कार्यात्मक जैव विविधता के साथ एकीकृत करती है।

**38. रायसीना डायलॉग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रायसीना डायलॉग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (MOCI) द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से शुरू किया गया है।
2. यह भारत का प्रमुख भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र द्विवार्षिक सम्मेलन है, जो सिंगापुर के शांगरी-ला वार्ता के से तुलनीय है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**39. पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है, जबकि पोषक चक्रण एक सतत् प्रक्रिया है।
2. एक खाद्य शृंखला में, 90% ऊर्जा अगले पोषण स्तर पर स्थानांतरित हो जाती है, जबकि 10% ऊर्जा प्रत्येक पोषण स्तर पर नष्ट हो जाती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**40. 5G तकनीक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 5G, 4G की तुलना में उच्च आवृत्तियों पर संचालित होता है, जिससे डेटा स्पीड तो तेज होती है, लेकिन रेंज कम होती है।
2. 5G प्रौद्योगिकी अत्यंत निम्न विलंबता संचार को सक्षम बनाती है।
3. 5G सिग्नल दक्षता में सुधार और हस्तक्षेप को कम करने के लिये बीमफॉर्मिंग तकनीक का उपयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**41. निम्नलिखित ईंधन गैसों को उनके प्रमुख घटकों के साथ सुमेलित कीजिये:**

| | ईंधन गैस | | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| A. | तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) | 1. | मीथेन |
| B. | संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) | 2. | ब्यूटेन और प्रोपेन |
| C. | बायोगैस | 3. | हाइड्रोजन और कार्बन मोनोऑक्साइड |
| D. | उत्पादक गैस | 4. | मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड |

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिये:**

A. A-2, B-1, C-4, D-3
B. A-1, B-2, C-3, D-4
C. A-4, B-3, C-2, D-1
D. A-2, B-3, C-1, D-4

**42. UPI ऑटोपे सुविधा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?**

A. इसके लिये उपयोगकर्त्ता को प्रत्येक लेनदेन को UPI पिन के माध्यम से मैन्युअल रूप से अधिकृत करना होता है।
B. यह उपयोगकर्त्ताओं को बिलों, सदस्यताओं और अन्य सेवाओं के लिये आवर्ती भुगतान निर्धारित करने की अनुमति देता है।
C. यह केवल व्यापार संबंधी भुगतानों के लिये उपलब्ध है, P-2-P स्थानांतरण के लिये नहीं।
D. यह प्रति माह 5,000 रुपए से अधिक के लेनदेन का समर्थन नहीं करता है।

**43. निम्नलिखित करों पर विचार कीजिये:**

1. विनिमय पत्र पर स्टाम्प शुल्क
2. समाचार पत्रों की बिक्री पर कर

**उपर्युक्त में से कौन-से कर केंद्र सरकार द्वारा लगाए जाते हैं, लेकिन राज्य सरकारों द्वारा एकत्रित और विनियोजित किये जाते हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**44. संसदीय समितियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोक लेखा समिति (PAC) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा प्रस्तुत विनियोग लेखों और लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जाँच करती है।
2. प्राक्कलन समिति एकमात्र समिति है, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. मानव परिसंचरण तंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धमनियाँ हमेशा ऑक्सीजन युक्त रक्त ले जाती हैं।
2. फुफ्फुसीय शिरा द्वारा ऑक्सीजन युक्त रक्त को फेफड़ों से हृदय तक ले जाया जाता है।
3. रक्त के विपरीत प्रवाह को रोकने के लिए शिराओं में वाल्व होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल के वर्षों में भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे आ गई है।
2. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 का लक्ष्य वर्ष 2045 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**47. क्षय रोग (TB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वायरस के कारण होता है जिससे मुख्यत: फेफड़े प्रभावित होते हैं।
2. BCG टीका, ओरल होता है।
3. भारत ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत वर्ष 2025 तक TB को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**48. ब्लॉकचेन तकनीक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लॉकचेन एक केंद्रीकृत डेटाबेस है जिसमें क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करके सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित किया जाता है।
2. ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट के तहत पूर्वनिर्धारित शर्तें पूरी होने पर लेनदेन स्वचालित रूप से निष्पादित होता है।
3. बिटकॉइन जैसे सार्वजनिक ब्लॉकचेन अनुमति प्राप्त होते हैं, अर्थात केवल अधिकृत उपयोगकर्त्ता ही लेनदेन को मान्य कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**49. 'समर्थ' इनक्यूबेशन प्रोग्राम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कार्यक्रम टेलीमेटिक्स विकास केंद्र (C-DoT) द्वारा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

2. इसका उद्देश्य 5G/6G, AI, IoT, क्वांटम टेक्नोलॉजीज़ और साइबर सुरक्षा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप्स (DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त) को समर्थन देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**50. हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु घटना हिंद महासागर में घटित होती है और आसपास के क्षेत्रों में मानसून पैटर्न को प्रभावित करती है।
2. नकारात्मक IOD चरण की विशेषताओं में पूर्वी हिंद महासागर (इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया) के पास समुद्री सतह का तापमान सामान्य से अधिक होना तथा पश्चिमी हिंद महासागर (अफ्रीकी तट के पास) में तापमान कम होना शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**51. मोरन समुदाय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे असम की एक मूल जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है।
2. मोरान नव-वैष्णव धर्म का पालन करते हैं और मोआमोरिया संप्रदाय से संबंधित हैं।
3. अरुणाचल प्रदेश में रहने वाले मोरान समुदाय के सदस्यों को असम सरकार द्वारा स्थायी निवास प्रमाण पत्र (PRC) प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3a
D. इनमे से कोई भी नहीं

**52. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (WHR) 2025 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रिपोर्ट ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेलबींग रिसर्च सेंटर, गैलप और संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (UNSDSN) द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित की गई है।
2. भारत ने वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 में 118वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो वर्ष 2024 के 126वें स्थान से बेहतर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**53. फोटो-असिस्टेड, स्व-चार्जिंग ऊर्जा भंडारण उपकरणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये उपकरण वायुमंडलीय ऑक्सीजन के उपयोग से सौर ऊर्जा रूपांतरण को स्व-रिचार्जिंग तंत्र के साथ एकीकृत करते हैं।
2. अपूर्ण ऊर्जा भंडारण, अल्प प्रकाश पर निर्भरता, तथा सीमित चार्ज प्रतिधारण के कारण इन उपकरणों को बाह्य चार्जिंग की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**54. ग्रेहाउंड्स और बंद्योपाध्याय समिति (वर्ष 2006), जो कभी-कभी समाचारों में रहती है, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. अर्द्धसैनिक बलों का आधुनिकीकरण
B. खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण सुधार
C. आपराधिक न्याय सुधार और जाँच प्रक्रियाएँ
D. वामपंथी उग्रवाद और आतंकवाद विरोधी अभियान

**55. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. वह शचींद्रनाथ सान्याल द्वारा स्थापित हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे।
2. नौजवान भारत सभा की स्थापना का श्रेय उन्हें दिया जाता है।
3. उन्होंने सोहन सिंह जोश के साथ काम किया और कीर्ति के संपादकीय बोर्ड में शामिल हुए।

**उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व का सबसे अच्छा वर्णन किया गया है?**

A. राम प्रसाद बिस्मिल
B. चंद्रशेखर आज़ाद
C. भगत सिंह
D. बटुकेश्वर दत्त

**56. हाल ही में समाचारों में रहा शब्द 'लाजवर्द' का सर्वोत्तम वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?**

A. पक्षी की एक दुर्लभ प्रजाति
B. एक उपरत्न जो अपने नीले रंग के लिये जाना जाता है
C. प्राचीन सिक्कों में प्रयुक्त एक प्रकार का सोना
D. अमेज़न वर्षावन में पाया जाने वाला एक दुर्लभ प्रकार का वृक्ष

**57. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IORA एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई है।
2. IORA का सर्वोच्च निकाय विदेश मंत्रियों की परिषद (COM) है, जिसकी बैठक प्रतिवर्ष होती है।
3. हिंद महासागर क्षेत्र के सभी संप्रभु राज्य इस संघ की सदस्यता के लिये पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**58. न्यायिक स्थानांतरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 222 राष्ट्रपति को किसी न्यायाधीश को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अधिकार देता है।
2. चाहे यह पहला स्थानांतरण हो या बाद का, न्यायाधीश की सहमति आवश्यक है।
3. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) स्थानांतरण प्रस्ताव शुरू करते हैं और उनकी राय निर्णायक होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**59. निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:**

1. जैव विविधता पर अभिसमय
2. वन सिद्धांतों पर वक्तव्य
3. एजेंडा 21

**उपर्युक्त में से कितने पृथ्वी शिखर सम्मेलन 1992 का हिस्सा थे?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

**60. निम्नलिखित प्रजातियों पर विचार कीजिये:**

1. हंगुल
2. ब्रो-एंटलर्ड डियर
3. अरब सागर हंपबैक व्हेल
4. मालाबार सीवेट

**उपर्युक्त में से कितने IUCN रेड लिस्ट की गंभीर रूप से संकटग्रस्त श्रेणी में उल्लिखित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में डिजिटल लेनदेन से उत्पन्न आय पर कर लगाने के लिये विदेशी डिजिटल सेवा प्रदाताओं पर लगाया गया प्रत्यक्ष कर है।
2. इसका उद्देश्य उन डिजिटल व्यवसायों पर उचित कराधान सुनिश्चित करना है जिनकी भारत में भौतिक उपस्थिति नहीं है।
3. यह कर चोरी पर अंकुश लगाने के लिये BEPS (आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण) कार्य योजना के अनुरूप है।

**निम्नलिखित में से कौन सा उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. वस्तु एवं सेवा कर (GST)
B. समकारी लेवी
C. निगमित कर
D. उत्पाद शुल्क

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 21 मार्च 2025 को पहले विश्व ग्लेशियर दिवस के रूप में मनाया गया।
2. संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा विश्व जल विकास (WWD) रिपोर्ट 2025 जारी की गई।
3. संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष (IYGP) घोषित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**63. सकल स्थायी पूंजी निर्माण (GFCF) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GFCF से तात्पर्य किसी विशिष्ट अवधि में किसी अर्थव्यवस्था की स्थायी पूंजीगत परिसंपत्तियों में होने वाली निवल वृद्धि से है।
2. यह भारत के मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे यह सर्वाधिक बड़ा घटक बन जाता है, जबकि दूसरा घटक निजी अंतिम उपभोग व्यय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**64. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 2007 के सबप्राइम संकट के कारण की गई थी।
2. IEA की सदस्यता के उम्मीदवार देश को OECD का सदस्य देश होना आवश्यक है।
3. विश्व ऊर्जा निवेश रिपोर्ट इसकी प्रमुख रिपोर्टों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**65. निम्नलिखित भौगोलिक घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीष्म ऋतु में अंतर-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र उत्तर की ओर स्थानांतरित हो जाता है, जिससे भारत पर निम्न दाब उत्पन्न होता है।
2. तिब्बती पठार अत्यधिक उष्ण हो जाता है, जिससे उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट उत्पन्न होती है।
3. सोमाली जेट स्ट्रीम ओमान के तटों के समानांतर, हिंद महासागर में तिर्यक दिशा में प्रवाहित होती है।

**भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून के विकास के लिये उपर्युक्त में से कितने उत्तरदायी हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे मुथोडी वन्यजीव अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है।
2. यह एक प्रोजेक्ट टाइगर रिज़र्व है, और इसमें विविध प्रकार के वन हैं, जिनमें दक्षिणी नम मिश्रित पर्णपाती वन, शुष्क पर्णपाती वन और शोला वन शामिल हैं।
3. इसमें बाघ, तेंदुए, ढोल, गौर, हिरण और हाथी सहित विविध जीव-जंतु पाए जाते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सा उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर सुमेलित है ?**

A. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान
B. भद्रा वन्यजीव अभयारण्य
C. नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
D. दाचीगम राष्ट्रीय उद्यान

**67. सहयोग पोर्टल, जो हाल ही में समाचारों में रहा, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. बेहतर अनुपालन और सुरक्षित साइबरस्पेस के लिये सरकारी एजेंसियों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के बीच सहयोग को बेहतर बनाने के लिये एक पोर्टल।
B. सरकारी नीतियों को बढ़ावा देने के लिये सोशल मीडिया प्रभावितों के लिये एक मंच।
C. नागरिकों के लिये साइबर अपराधों की सीधे कानून प्रवर्तन को रिपोर्ट करने का एक उपकरण।
D. सरकारी सेवाओं और उत्पादों के लिये एक ऑनलाइन बाज़ार।

**68. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें भारत सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।
2. वे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और लघु वित्त बैंकों के माध्यम से खरीद के लिये उपलब्ध हैं।
3. इनकी परिपक्वता अवधि 8 वर्ष है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**69. कभी-कभी समाचारों में रहने वाला प्लम्बिज्म और सैचुरिज्म निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. रक्त के थक्के को प्रभावित करने वाला एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार
B. पोषण की कमी से हड्डियों की वृद्धि प्रभावित होती है
C. सीसे के लंबे समय तक संपर्क में रहने से सीसा विषाक्तता होती है
D. जल शुद्धिकरण की एक नई तकनीक

**70. भारत में न्यायालयों की अवमानना शक्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अवमानना की कार्यवाही या तो न्यायालय द्वारा स्वयं शुरू की जा सकती है या अटॉर्नी जनरल (AG) की पूर्व अनुमति से व्यक्ति की याचिका द्वारा शुरू की जा सकती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

2. अनुच्छेद 129 में सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित करने का प्राधिकार दिया गया है, जबकि उच्च न्यायालयों को यह शक्ति अनुच्छेद 215 के अंतर्गत प्रदान की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**71. इनर लाइन परमिट (ILP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया एक अनिवार्य आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़ है, जो किसी भारतीय नागरिक को सीमित अवधि के लिये संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देता है।
2. इसका उद्देश्य भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित कुछ क्षेत्रों में आवागमन को विनियमित करना है।
3. वर्तमान में इसे सभी पूर्वोत्तर राज्यों तथा उत्तर में जम्मू और कश्मीर में क्रियान्वित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**72. प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह RBI द्वारा निर्धारित अनिवार्यता है कि बैंक अपने ऋणों का एक निश्चित हिस्सा उन प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित करें जो ऋण की कमी का सामना कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
2. इसे RBI के अनौपचारिक अध्ययन समूह की रिपोर्ट (वर्ष 1971) के आधार पर वर्ष 1972 में औपचारिक रूप दिया गया।
3. PSL लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहने वाले बैंकों को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) में योगदान देना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि धनराशि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों तक पहुँचती रहे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**73. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में, FPI के लिये प्रकटीकरण सीमा ₹50,000 करोड़ से घटाकर ₹25,000 करोड़ कर दी गई है।
2. भारत में FPI का नियमन भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**74. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NJAC एक प्रस्तावित संवैधानिक निकाय था जिसका उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये कॉलेजियम प्रणाली को प्रतिस्थापित करना था।
2. न्यायिक नियुक्तियों के लिये एक नई प्रणाली स्थापित करने के लिये 99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 और NJAC अधिनियम, 2014 पारित किये गए थे।
3. न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से NJAC को असंवैधानिक घोषित करते हुए उसे रद्द कर दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**75. पाल वंश के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोपाल द्वारा स्थापित पाल वंश ने 8वीं से 12वीं शताब्दी तक बिहार और बंगाल पर शासन किया।
2. पाल शैली मुख्य रूप से काँस्य मूर्तियों और तालपत्र चित्रों के माध्यम से प्रसारित की गई थी, जो बुद्ध और अन्य देवताओं से संबंधित थीं।
3. पाल वंश वज्रयान बौद्ध धर्म के कट्टर संरक्षक थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई भी नहीं

**76. नाभिकीय अभिक्रियाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नाभिकीय विखंडन में, उत्पादों का द्रव्यमान अभिकारकों के द्रव्यमान से कम होता है तथा द्रव्यमान में अंतर ऊर्जा के रूप में मुक्त होता है।
2. विखंडन प्रक्रिया में शृंखला अभिक्रिया को बोरॉन या कैडमियम जैसे पदार्थों से बनी नियंत्रण छड़ों का उपयोग करके नियंत्रित किया जा सकता है।
3. नाभिकीय अभिक्रियाएँ पदार्थ संरक्षण के नियम का पालन करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 2

**77. भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FCI खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत एक वैधानिक निकाय है।
2. FCI की आर्थिक लागत में खरीद मूल्य, खरीद लागत और वितरण व्यय शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**78. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों (MDG) का निर्धारण।
2. संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में 17 सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को अपनाया जाना।
3. एजेंडा 21 को अपनाया जाना।

**उपर्युक्त घटनाओं को सही कालानुक्रम में व्यवस्थित करते हुए सही कूट का चयन कीजिये:**

A. 1 – 2 – 3

B. 3 – 1 – 2

C. 2 – 1 – 3

D. 3 – 2 – 1

**79. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **अभ्यास का नाम** | **देश** |
|---|---|
| गरुड़ शक्ति | इंडोनेशिया |
| एकुवेरिन | चीन |
| हैंड-इन-हैंड | मालदीव |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**80. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1957 में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने तथा सैन्य उद्देश्यों हेतु इसके उपयोग पर अंकुश लगाने के लिये की गई थी।
2. IAEA एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करता है और केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) को रिपोर्ट करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (D) | 4. (B) | 5. (D) | 6. (C) | 7. (B) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (A) |
| 11. (A) | 12. (A) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (C) | 17. (A) | 18. (C) | 19. (A) | 20. (A) |
| 21. (B) | 22. (C) | 23. (B) | 24. (B) | 25. (C) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (A) | 29. (C) | 30. (B) |
| 31. (A) | 32. (C) | 33. (A) | 34. (C) | 35. (A) | 36. (A) | 37. (D) | 38. (D) | 39. (B) | 40. (D) |
| 41. (A) | 42. (B) | 43. (A) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (C) | 47. (A) | 48. (B) | 49. (C) | 50. (D) |
| 51. (D) | 52. (C) | 53. (C) | 54. (D) | 55. (C) | 56. (B) | 57. (C) | 58. (C) | 59. (C) | 60. (B) |
| 61. (B) | 62. (C) | 63. (A) | 64. (B) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (A) | 68. (B) | 69. (C) | 70. (D) |
| 71. (B) | 72. (C) | 73. (D) | 74. (C) | 75. (B) | 76. (D) | 77. (C) | 78. (B) | 79. (A) | 80. (A) |

The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

# व्याख्या

1.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मैंग्रोव तटीय पारिस्थितिकी तंत्र हैं जहाँ लवण सहिष्णु वृक्ष और झाड़ियाँ पाई जाती हैं जिनकी वृद्धि **उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** के अंत:ज्वारीय क्षेत्रों में होता है।
- **मैंग्रोव वनों के विकास के लिये आवश्यक परिस्थितियाँ:**
  - **उच्च लवणता:** मैंग्रोव का विकास ज्वारीय मैदानों, नदियों के मुहाने और उच्च गाद निक्षेपण एवं लवणता वाले क्षेत्रों में होता हैं।
  - **गर्म जलवायु:** इनका विकास उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों (25°N-25°S) में होता है।
  - **कम ऑक्सीजन वाली गादयुक्त मृदा:** ये मंद गति से प्रवाहित होने वाले जल क्षेत्रों के साथ लवणीय, अल्प ऑक्सीजन वाले वातावरण का सामना करने में विशिष्ट रूप से अनुकूलित होते हैं, जहाँ बारीक तलछट का संचयन जारी रहता है।
  - **ज्वारीय प्रभाव:** नियमित ज्वारीय बाढ़ से पोषक तत्त्व मिलने के साथ बीज प्रसार में सहायता मिलती है तथा अपशिष्ट में कमी आने के साथ इनका स्वस्थ विकास सुनिश्चित होता है।
  - **तलछट जमाव:** नदी डेल्टाओं की पोषक तत्त्वों से भरपूर गाद से मैंग्रोव की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है और तटीय स्थिरीकरण में मदद मिलती है।
  - **मीठे जल का प्रवाह:** मीठे जल और समुद्री जल के संतुलित मिश्रण से उचित लवणता बनी रहने से मैंग्रोव के विकास में सहायता मिलती है।
- मैंग्रोव **कम तरंग ऊर्जा वाले वातावरण** में पनपते हैं क्योंकि **उच्च तरंग क्रिया से इनकी नाजुक जड़ प्रणालियों को नुकसान** पहुँच सकता है।
- **अत: विकल्प B सही है**

2.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **लोथल (सिंधु घाटी सभ्यता):** वर्तमान गुजरात में स्थित, लोथल में एक सुनियोजित **गोदी** थी और यह एक प्रमुख व्यापार केंद्र था, जहाँ से उर एवं सुमेर जैसे मेसोपोटामिया शहरों को **मोतियों, रत्नों और सूती वस्त्रों का निर्यात** होता था।
- **मुज़िरिस (प्राचीन रोमन व्यापार):** वर्तमान केरल में स्थित, मुजिरिस एक संपन्न बंदरगाह था जहाँ से **रोमन साम्राज्य** को **मसाले (काली मिर्च), हाथी दाँत, मोती और कीमती पत्थरों** का निर्यात होता था। केरल में पाए गए रोमन सिक्कों से इसके व्यापक व्यापार की पुष्टि होती है।
- **मसूलीपट्टनम (मध्यकालीन और प्रारंभिक आधुनिक काल):** आंध्र प्रदेश का एक प्रमुख बंदरगाह, मसूलीपट्टनम **17वीं शताब्दी में एक यूरोपीय कपड़ा व्यापार केंद्र** बन गया, जहाँ से ब्रिटिश और डच यूरोपीय बाज़ारों में **मलमल तथा कलमकारी कपड़े** निर्यात करते थे।
- **अत: विकल्प D सही है**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **एक्टिवेटिड स्लज प्रोसेस (ASP)** एक व्यापक रूप से प्रयुक्त जैविक अपशिष्ट जल उपचार विधि है, जिसमें **अपशिष्ट जल में कार्बनिक पदार्थों को तोड़ने के लिये सूक्ष्मजीवों का उपयोग** किया जाता है।
- **ट्रिकलिंग फिल्टर** एक जैविक अपशिष्ट जल उपचार विधि है जिसमें पत्थर या प्लास्टिक जैसी सामग्री के विघटन हेतु **सूक्ष्मजीवों** को उनके साथ संयोजित किया जाता है।
- रिवर्स ऑस्मोसिस एक जल शुद्धिकरण प्रक्रिया है जो अर्द्ध-पारगम्य झिल्ली का उपयोग करके जल से दूषित पदार्थों को निकालती है। इस विधि में जल का प्रवाह दबाव युक्त झिल्ली के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

माध्यम से किया जाता है, जबकि घुले हुए ठोस पदार्थ, रसायन, सूक्ष्मजीव एवं अन्य अशुद्धियाँ जैसे प्रदूषक अलग हो जाते हैं।

- **बायोरेमेडिएशन** को उस प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पर्यावरण में मौजूद दूषित पदार्थों को उनकी मूल स्थिति से हटाने के लिये सूक्ष्मजीवों या उनके एंज़ाइमों का उपयोग किया जाता है। बायोरेमेडिएशन का उपयोग तेल रिसाव या दूषित भू-जल को साफ करने में किया जाता है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**4.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उनियाला केरलेंसिस एक **झाड़ी** है जो एक से तीन मीटर तक लंबी हो सकती है। इसमें हल्के बैंगनी रंग के फूल होते हैं जो अगस्त से अप्रैल तक खिलते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी संख्या और खतरों के बारे में सीमित जानकारी के कारण इसकी **IUCN स्थिति**, डेटा **डेफिसिएंट (DD)** है। **अत: कथन 2 सही है।**

**5.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ज़ीरो टिलेज कृषि** का आशय बिना जुताई के फसल उगाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बिना जुताई के **मृदा की नमी को संरक्षित करने के साथ कटाव को कम** करने में सहायता मिलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ज़ीरो टिलेज कृषि के अन्य लाभ:**
  - इससे जल, श्रम व कृषि रसायनों के उपयोग में कमी, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी एवं मृदा स्वास्थ्य व फसल की उपज में सुधार होता है।
- ज़ीरो टिलेज कृषि में आमतौर पर पारंपरिक कृषि के तरीकों **की तुलना में कम श्रम की आवश्यकता** होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- ज़ीरो टिलेज विशेष रूप से शुष्क भूमि वाले क्षेत्रों में लाभदायक है जहाँ जल एक सीमित कारक है, क्योंकि इससे जल प्रतिधारण क्षमता में सुधार होता है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **CAR T-सेल थेरेपी, जिसे काइमेरिक एंटीजेन रिसेप्टर T-सेल थेरेपी** के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है। यह एक प्रकार की जीन थेरेपी है जो कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने और नष्ट करने के क्रम में रोगी की T-कोशिकाओं में परिवर्तन करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CAR T-सेल थेरेपी को ल्यूकेमिया (श्वेत रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने वाली कोशिकाओं से उत्पन्न होने वाला कैंसर) और लिम्फोमा (लसीका प्रणाली से उत्पन्न होने वाला कैंसर) के लिये अनुमोदित किया गया है।
- CAR T-सेल थेरेपी को अक्सर 'जीवित दवाएँ' (Living Drugs) कहा जाता है। CAR T-सेल थेरेपी संभावित दुष्प्रभावों से संबंधित है जिसमें साइटोकाइन रिलीज़ सिंड्रोम और न्यूरोटॉक्सिसिटी शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **धनप्रेषण** वह धन या वस्तुएँ हैं जो प्रवासी अपने देश में अपने परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये भेजते हैं। वे कई विकासशील देशों, विशेषकर दक्षिण एशिया के देशों के लिये आय और विदेशी मुद्रा का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं।
- **भुगतान संतुलन (BoP)** किसी देश के निवासियों द्वारा किये गए सभी अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन का रिकॉर्ड है। यह विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपए की सापेक्ष मांग को मापता है, जो विनिमय दरों और आर्थिक स्थिरता को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है।
- **भुगतान संतुलन में चालू खाता** और **पूंजी खाता** शामिल होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- चालू **खाते में वस्तुओं का व्यापार** (निर्यात और आयात) तथा **सेवाओं का व्यापार (अदृश्य)** जैसे आईटी, पर्यटन और **धनप्रेषण** शामिल होते हैं, जो व्यापार घाटे को पूरा करने में मदद करते हैं।
- पूंजी **खाता** विदेशी निवेश (FDI, FII), वाणिज्यिक उधारी, बैंकिंग प्रवाह और ऋण को दर्शाता है, जो आर्थिक स्थिरता के लिये महत्त्वपूर्ण है।

- **वित्तीय खाता, भुगतान संतुलन** का एक घटक है जिसके तहत किसी देश और शेष विश्व के बीच वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों से संबंधित सभी लेन-देन को रिकॉर्ड किया जाता है। यह दर्शाता है कि कोई देश अपने चालू खाता घाटे का वित्तपोषण कैसे करता है या अपने अधिशेष का उपयोग कैसे करता है।
- **व्यापार खाता**, जिसे **व्यापार संतुलन** (BoT) के नाम से भी जाना जाता है, BoP में **चालू खाते** का एक घटक है। इसके तहत किसी देश के निर्यात और किसी अवधि में **वस्तुओं के आयात** के बीच के अंतर को मापा जाता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ध्रुवीकरण** एक ऐसी घटना है जिसमें किसी तरंग का कंपन उसके संचरण के लंबवत एक विशिष्ट दिशा तक सीमित रहता है।
  - ध्रुवीकरण प्रकाश जैसी अनुप्रस्थ तरंगों का मूलभूत गुण है, लेकिन ध्वनि जैसी अनुदैर्घ्य तरंगों का नहीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **विवर्तन** का आशय **तरंगों का मुड़ना और फैलना** है जब वे किसी **अवरोध** से टकराती हैं या किसी संकीर्ण द्वार से गुजरती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**यमन:**

- यह अरब प्रायद्वीप के **दक्षिणी सिरे** पर मध्य पूर्व में अवस्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमाएँ सऊदी अरब (उत्तर) और ओमान (पूर्व) से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी तटरेखा लाल सागर (पश्चिम), अदन की खाड़ी, अरब सागर और गार्डाफुई चैनल (दक्षिण) के अनुदिश है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **ज़िबूती और यमन** के बीच बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य एक प्रमुख समुद्री अवरोध बिंदु है, जो लाल सागर और स्वेज़ नहर के माध्यम से हिंद महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है, जो वैश्विक व्यापार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।
- अमेरिका ने वैश्विक शिपिंग मार्गों के लिये खतरे का उल्लेख करते हुए **लाल सागर में हूती समूह** के मिसाइल और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिये यमन में हूती नियंत्रित क्षेत्रों पर हवाई हमले बढ़ा दिये हैं।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

10.

उत्तर: A

व्याख्या:

**mBridge परियोजना:**

- mBridge परियोजना सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के उपयोग पर आधारित एक डिजिटल क्रॉस-बॉर्डर भुगतान प्रणाली है। इसे शुरुआत में **बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS)** के समर्थन से चीन, थाईलैंड जैसे कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा बढ़ावा दिया गया था।
- इसका उद्देश्य ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके **सीमा पार भुगतान को बढ़ावा देने के साथ तीव्र, लागत प्रभावी एवं सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करना** तथा पारंपरिक वित्तीय मध्यस्थों पर निर्भरता कम करना है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022** के तहत शुरू की गई **कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS), 2023, पेरिस समझौते** के तहत **भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित** करते हुए, **भारतीय कार्बन बाज़ार (ICM)** स्थापित करने के लिये **प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना** की जगह लेती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **PAT से CCTS में परिवर्तन: PAT योजना ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (ESCerts)** के माध्यम से ऊर्जा-गहन उद्योगों में **ऊर्जा दक्षता सुधार** पर केंद्रित है।
  - CCTS, PAT का स्थान लेता है, **जिससे ऊर्जा तीव्रता से ध्यान हटाकर GHG उत्सर्जन तीव्रता को कम करने पर केंद्रित हो जाता है, तथा प्रति टन GHG समतुल्य उत्सर्जन** की निगरानी की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह **कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र (CCC)** जारी करता है, जिनमें से **प्रत्येक एक टन $CO_2$ समतुल्य (tCO2e) कमी** को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

**मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (आशा):**

- **परिचय:** आशा (ASHA) कार्यकर्त्ता **सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक** हैं, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिये **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM), 2005** के अंतर्गत नियुक्त किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2013 में NRHM का **राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM)** के साथ विलय कर **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** का गठन किया गया।
  - आशा कार्यकर्त्ता स्वास्थ्य सेवा की सुलभता में सुधार के लिये **समेकित बाल विकास योजना (ICDS)** के अंतर्गत **आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं (AWW)** के साथ मिलकर काम करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - आशा एक स्थानीय महिला (उम्र 25-45 वर्ष) होती है, जो अधिमानतः विवाहित, विधवा या तलाकशुदा होती है, तथा जिसकी **शिक्षा कम से कम 10वीं कक्षा तक** होती है। NHM उन्हें स्वयंसेवक मानता है, तथा **उनकी आय को कार्य-आधारित प्रोत्साहन तक सीमित** रखता है।
- **प्रति 1,000 व्यक्तियों पर** एक आशा कार्यकर्त्ता कार्यरत है, जिनकी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 9.2 लाख तथा शहरी क्षेत्रों में 79,900 है (वर्ष 2022-23)।
  - **आशा कार्यकर्त्ताओं की प्रमुख ज़िम्मेदारियाँ: प्रसवपूर्व जाँच और प्रसवोत्तर देखभाल** सुनिश्चित करना, साथ ही माताओं को **स्तनपान और शिशु पोषण के बारे में शिक्षित करना।**
    - आशा कार्यकर्त्ता **टीकाकरण, तपेदिक (TB)** उपचार, मलेरिया जाँच और बीमारी की रोकथाम में सहायता करती हैं। इसके अतिरिक्त, वे **बुनियादी स्वास्थ्य सेवा, आवश्यक दवाइयाँ,** प्राथमिक उपचार प्रदान करती हैं और जन्म और मृत्यु की रिपोर्ट करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

13.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत की SAGAR (समुद्र में सभी की सुरक्षा और विकास) पहल के तहत परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को सुदृढ़ करते हुए भारतीय नौसेना के **INS रणवीर** और बांग्लादेश नौसेना के **BNS अबू उबैदा** ने बंगाल की खाड़ी में **बोंगोसागर 2025 नौसैनिक अभ्यास** आयोजित किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **INS रणवीर:** यह **राजपूत श्रेणी के पाँच विनाशक जहाज़ों** में से चौथा जहाज़ है, जिसे वर्ष 1986 में नौसेना में शामिल किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत-बांग्लादेश अभ्यास:** सेना (**अभ्यास सम्प्रीति**) और नौसेना (अभ्यास बोंगोसागर, और समन्वित गश्ती (CORPAT)।

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **जलनाथेश्वर मंदिर** मूल रूप से 876 ईस्वी में **पल्लव राजा अपराजिता वर्मन** द्वारा बनाया गया था, जबकि त्रि-स्तरीय राजगोपुरम को 1543 ईस्वी में विजयनगर राजा वीर प्रथबा सदाशिव महारयार द्वारा जोड़ा गया था।
- यह **कोसस्थलाई नदी** के तट पर स्थित है। इसमें **पल्लव राजा अपराजिता और चोल राजा आदित्य प्रथम** के शिलालेख और अभिलेख हैं, जिनमें भूमि, स्वर्ण और बकरियों के अनुदान का विवरण है।
- यह मंदिर **द्रविड़ शैली की वास्तुकला** को दर्शाता है, जो तंजावुर के बृहदेश्वर मंदिर और मदुरै के मीनाक्षी मंदिर के समान है।
- यह मंदिर 275 पाडल पेट्रा स्थलमें (275 Paadal Petra Sthalams) में से एक है, जिसे तमिल शैव नयनार संबंदर के तेवरम भजनों में महिमामंडित किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

15.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ओमान की खाड़ी**
  - यह अरब सागर का पश्चिमी विस्तार है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह होर्मुज जलडमरूमध्य और **फारस की खाड़ी** को जोड़ता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **सीमावर्ती देश:** इसकी सीमा **ईरान** (**उत्तर**), **संयुक्त अरब अमीरात** (**पश्चिम**) और **ओमान** (**दक्षिण**) से लगती है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव के बीच **चीन, ईरान और रूस** ने **होर्मुज़ जलडमरूमध्य** के समीप **ओमान की खाड़ी** में **समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2025** नौसैनिक आयोजित किया। **अत: कथन 3 सही है।**

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **अमेरिका, रूस** और **चीन** के बाद वर्तमान में भारत **अंतरिक्ष क्षेत्र में डॉकिंग** और **अनडॉकिंग क्षमताओं का प्रदर्शन** करने वाला **चौथा देश** बन गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ISRO ने **अंतरिक्ष** में **दो उपग्रहों**, SDX01 (**चेज़र**) और SDX02 (**टारगेट**) को स्वचालित रूप से सफलतापूर्वक अनडॉक किया, जिससे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिये आवश्यक जटिल कक्षीय संचालन करने की भारत की क्षमता सुदृढ़ हुई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **स्पेस अनडॉकिंग** से तात्पर्य किसी स्पेसक्राफ्ट को स्पेस स्टेशन या किसी अन्य स्पेसक्राफ्ट से अलग करने की प्रक्रिया से है।
- यह **भारत की योजनाबद्ध भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन** (**वर्ष 2035 तक**) और **चंद्रमा पर मानव मिशन** (**वर्ष 2040 तक**) के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **चंद्रयान-4 , जो चंद्रमा की मिट्टी और चट्टान के नमूने** लेकर आएगा, इसी तकनीक पर आधारित होगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

**फाइव आइज़ एलायंस:**

- फाइव आइज़ एक **आसूचना-साझाकरण गठबंधन** है जिसमें **ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका** शामिल हैं।
- **गठन और विकास: द्वितीय विश्व युद्ध** के दौरान गठित यह गठबंधन **जर्मन और जापानी कोड** को समझने में UK-US सहयोग से विकसित हुआ।
  - यह गठबंधन **गुप्तचर समूह की एक शृंखला** पर आधारित है, मुख्य रूप से **UKUSA बिज़नेस एग्रीमेंट (वर्ष 1946)**, जो सदस्य देशों के बीच व्यापक **पर्यवेक्षण, आसूचना संग्रहण और डेटा साझाकरण** की सुविधा प्रदान करता है।
- **परिचालन का दायरा:**
  - वैश्विक संचार का **अवरोधन, संग्रहण, विश्लेषण और डिक्रिप्शन।**
  - पाँचों देशों के मध्य **स्वचालित गुप्त जानकारी** साझा करना।
  - वैश्विक निगरानी के लिये **एकीकृत कार्यक्रम, कर्मचारी, आधार और विश्लेषणात्मक** प्रक्रियाएँ।

18.

उत्तर: C

व्याख्या:

**व्यसन का तंत्रिका विज्ञान:**

- **व्यसन में मस्तिष्क की भूमिका:** अध्ययन में व्यसन में शामिल **3 प्रमुख मस्तिष्क भागों** पर प्रकाश डाला गया है, अर्थात, **आधारीय गुच्छिकाएँ (Basal Ganglia), एक्सटेंडेड एमिगडाला (Extended Amygdala) और पुरोमुखीय वल्कुट (Prefrontal Cortex)।**
- **आधारीय गुच्छिकाएँ (Basal Ganglia):** यह मस्तिष्क को **आनंददायक गतिविधियों की प्रेरणा** देता है, चाहे वह भोजन, सामाजिक संपर्क या मादक द्रव्यों से हो। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **आनंददायक व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिये डोपामाइन और सेरोटोनिन** जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के साथ कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एक्सटेंडेड एमिगडाला (Extended Amygdala):** जब मादक द्रव्यों का उपयोग बंद हो जाता है तो यह **दुश्चिंता, उत्तेजनशीलता और व्यग्रता** पैदा करता है, जिससे **नुकसान के बावजूद उपयोग जारी** रहता है।
- **पुरोमुखीय वल्कुट (Prefrontal Cortex):** यह बताता है कि मादक द्रव्यों के हानिकारक प्रभावों को जानने के बावजूद भी **उनका उपयोग क्यों जारी रहता है,** जो कि व्यसन का एक प्रमुख लक्षण है।
  - पुरोमुखीय वल्कुट, जो निर्णय लेने, समय प्रबंधन और प्राथमिकता निर्धारण का कार्य करता है, **इस त्रिक को पूर्ण करता है।**

19.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **नवयान (नया वाहन) बौद्ध धर्म,** जिसकी स्थापना 1956 में बी.आर. अंबेडकर ने की थी, बौद्ध धर्म की एक पुनर्व्याख्या है, जो **पारंपरिक आध्यात्मिक सिद्धांतों की तुलना में सामाजिक समानता और वर्ग संघर्ष पर ज़ोर** देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इनमें **चार आर्य सत्य, कर्म, पुनर्जन्म, निर्वाण और मठजीवन** जैसे प्रमुख बौद्ध सिद्धांतों को अस्वीकार किया गया है, तथा उन्हें निराशावादी और सामाजिक न्याय के लिये अप्रासंगिक माना गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दलितों का नवयान में सामूहिक धर्मांतरण वर्ष 1956 में शुरू हुआ, तथा **14 अक्तूबर** को **धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस** के रूप में मनाया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

20.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- **आर्मेनिया** और **अज़रबैजान** ने **शांति समझौते** को अंतिम रूप दिया, जो **नागोर्नो-काराबाख संघर्ष** पर शत्रुता समाप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- सोवियत काल के दौरान, नागोर्नो-काराबाख **मुस्लिम बहुल अज़रबैजान में स्वायत्त क्षेत्र** था, लेकिन इसकी अर्मेनियाई आबादी (ईसाई) ने **आर्मेनिया के साथ एकीकरण** की मांग की।
  - सोवियत संघ के पतन के साथ यह संघर्ष **युद्ध में परिणत हुआ** (1988-1994)।
- **वर्ष** 1994 के युद्ध विराम के बाद नागोर्नो-काराबाख पर **अर्मेनियाई समर्थित नियंत्रण स्थापित हुआ** (लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह **अज़रबैजान का भाग** रहा)।
- **अत: विकल्प A सही है।**

21.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**मेलियोडोसिस:**

- एक हालिया अध्ययन में **जलवायु परिस्थितियों,** विशेषकर **मानसून संबंधी कारक,** के कारण **मेलियोडोसिस** के संचरण पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख किया गया ।
- यह एक **जीवाणुजनित संक्रामक रोग** है, जो **वर्षा, ताप और आर्द्रता** से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **Burkholderia pseudomallei** के कारण होता है और मनुष्य द्वारा **टीकाकरण** और मुख्य रूप से मृदा और जल में रहने वाले पर्यावरणीय **मृतजीवी** (**Saprophytes**) का **अंत: श्वसन और/ अथवा अंतर्ग्रहण** करने से इसका संचरण होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत** सहित **दक्षिण एशिया** (**बांग्लादेश और श्रीलंका** में स्थानिक) में वैश्विक मेलियोडोसिस के 44% मामले हैं, जिसमें **ओडिशा** अपनी कृषि और चरम मौसम के कारण इसका हॉटस्पॉट है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - यह मुख्य रूप से **उत्तरी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशिया** में पाया जाता है।
- इसके लक्षणों में **प्रारंभिक चर्म संक्रमण** से **गंभीर निमोनिया और सेप्सिस** शामिल है, तथा **सेप्टिक मामलों** में इसकी मृत्यु दर 50% है।
  - इसका संचरण **पशुओं** से **मनुष्यों में नहीं** होता है, तथा **मनुष्य से मनुष्य** में इसका संक्रमण **दुर्लभ** है।

22.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**मेनहिर:**

- मेनहिर **बृहद, उर्ध्वाधर पाषाण** होते हैं, जिनका **आकार सामान्यत: ऊपर की ओर पतला** होता है और ये मनुष्यों द्वारा स्थापित किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **मुदुमल के मेनहिर भारत के प्राचीनतम** (**3,500-4,000 BP**) **मेनहिर हैं,** तथा कृष्णा नदी के तट के समीप अवस्थित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **BP** 1950 ई. से पहले के वर्षों की गणना करने वाला समय मापक्रम है।
- तेलंगाना के नारायणपेट ज़िले में स्थित **मुदुमल के महापाषाणकालीन** (**Megalithic**) **मेनहिर** को **वर्ष 2025 की यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों** की अनंतिम सूची में शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **महापाषाण** का तात्पर्य प्रागैतिहासिक बड़ी पत्थर की संरचनाओं से है जिनका निर्माण या तो **शवाधान या स्मारक स्थलों** के रूप में किया गया था।
- मुदुमल मेनहिर स्थल **सुव्यवस्थित रूप से संरक्षित महापाषाणकालीन शवाधान स्थल है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अधिसूचित रोग वह रोग है जिसे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा वास्तविक समय महामारी विज्ञान ट्रैकिंग, संसाधन आवंटन और शीघ्र हस्तक्षेप के लिये कानूनी रूप से सरकारी अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **महामारी रोग अधिनियम, 1897 महामारी रोग** (बड़ी संख्या में रोग का तेज़ी से संचरण) की रिपोर्टिंग की अधिसूचना और विनियमन को नियंत्रित करता है।
- **तपेदिक, मलेरिया और कोविड-19** जैसी संक्रामक बीमारियाँ आमतौर पर संचरण की क्षमता के कारण **सूचित करने योग्य** होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह सरकार द्वारा **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSE) में अपनी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया है**, ताकि धन संग्रहण जा सके, राजकोषीय भार कम किया जा सके और निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- विनिवेश के तरीकों में असूचीबद्ध कंपनियों के लिये **इनिशियल पब्लिक ऑफर, सूचीबद्ध कंपनियों के लिये फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर,** तथा त्वरित हिस्सेदारी बिक्री के लिये ऑफर फॉर सेल शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- विनिवेश प्रक्रिया वित्त मंत्रालय के तहत **निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग** द्वारा संचालित की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ओपनिंग डोर टू इंडिया नीति:**

- **भारत और न्यूज़ीलैंड** दोनों पक्ष न्यूज़ीलैंड की **"ओपनिंग डोर टू इंडिया" की नीति** के अनुसार एक **संतुलित, महत्त्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते** के लिये वार्ता शुरू करने पर सहमत हुए।
- न्यूज़ीलैंड ने इस नीति में **भारत को प्राथमिकता वाले देश** के रूप में नामित किया, जिसे पहली बार **अक्तूबर 2011** में पेश किया गया था और **वर्ष 2015** में इसकी पुन: पुष्टि की गई।
- इसके अतिरिक्त, **वर्ष 2011** में, न्यूज़ीलैंड ने **NZ इंक इंडिया रणनीति** शुरू की, जिसका उद्देश्य भारत के साथ **व्यापार, आर्थिक और राजनीतिक संबंधों** को सुदृढ़ करना था।
- **अत: विकल्प C सही है।**

26.

उत्तर: A

व्याख्या:

**अभ्यास वरुण-2025:**

- **भारतीय और फ्राँसीसी नौसेनाएँ अरब सागर** में वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास, **वरुण-2025 के 23वें संस्करण** की शुरुआत करने के लिये तैयार हैं।
- इसमें विमानवाहक पोत **INS विक्रांत (भारत)** और **चार्ल्स डी गॉल (फ्राँस)** के साथ-साथ **लड़ाकू विमान, विध्वंसक, फ्रिगेट** और एक भारतीय **स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी** शामिल होगी।
- यह पहली बार **वर्ष 2001** में आयोजित किया गया था और इसका उद्देश्य **अंतर-संचालन और परिचालन तालमेल** को बढ़ाना था।
- **अत: विकल्प A सही है।**

27.

उत्तर:C

व्याख्या:

- **किलफिश:**
  - **केन्या के** गोंगोनी **वन (7.09 मिलियन वर्ष पुराना)** में **किलिफिश (*नोथोब्रानचियस सिल्वेटिकस*)** की एक नई प्रजाति की खोज की गई है। यह **पहली ज्ञात स्थानिक वन-निवासी किलिफिश है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- केन्या के **गोंगोनी वन (7.09 मिलियन वर्ष प्राचीन)** में **किलिफिश** *(Nothobranchius sylvaticus)* की एक नई प्रजाति की खोज की गई है। यह वन में पाई गई **पहली ज्ञात स्थानिक किलिफिश** है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह **केन्या में स्थानिक है** और इसे **गंभीर रूप से संकटापन्न (IUCN)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किलिफिश **छोटी, अंडद (अंडप्रजक) मछलियाँ** हैं जो **साइप्रिनोडोंटिफॉर्मेस गण** से संबंधित हैं, जिन्हें प्राय: **टूथकार्प्स** के रूप में जाना जाता है।
- **पर्यावास:**
  - किलिफिश अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के अलवणोद और लवणीय जल क्षेत्रों में पाई जाती हैं, तथा इसकी कुछ प्रजातियाँ दलदलों और अस्थायी तालाबों जैसे **अल्पकालिक (ऋतुनिष्ठ) जल क्षेत्रों** में भी पाई जाती हैं।
- **अनुकूलनशीलता:**
  - इनकी **चरम वातावरण** की अनुकूलन क्षमता होती है और ये **उच्च लवणता** और **अल्प ऑक्सीजन** की स्थिति में जीवित रहने में सक्षम होते हैं तथा **काल प्रभावन और आनुवंशिकी अनुसंधान** में इनकी भूमिका **आदर्श जीव** के रूप में होती है।

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केन्या:**

- केन्या (भूमध्यरेखीय और पूर्वी अफ्रीकी देश) की सीमा **दक्षिण सूडान, इथियोपिया, सोमालिया, युगांडा, तंज़ानिया और हिंद महासागर** से लगती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **दादाब शरणार्थी परिसर** सोमालिया के गृहयुद्ध से आए शरणार्थियों को आश्रय देने वाले सबसे बड़े शिविरों में से एक है।
- **प्रमुख झीलें:**तुर्काना झील, विक्टोरिया झील (केन्या, तंज़ानिया और युगांडा का साझा स्वामित्व), आदि।
- केन्या भारत के गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (मध्य प्रदेश-राजस्थान) में चीतों की संख्या में पुन: वृद्धि करने के उद्देश्य से **20 चीते** प्रदान करेगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)** द्वारा जारी की जाने वाली एक वार्षिक रिपोर्ट है।
- यह संयुक्त राष्ट्र की एक **विशेष एजेंसी** है जिसका कार्यक्षेत्र **मौसम, जलवायु और जल संसाधन** है।
- **वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट** 2024 के अनुसार, भूमंडलीय तापक्रम वृद्धि **पेरिस समझौते** की निर्धारित सीमा **1.5°C** के निकट है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**30.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **स्पेसएक्स के ड्रैगन 2 स्पेसक्राफ्ट** के दो संस्करणों में से एक, क्रू ड्रैगन को **फाल्कन 9 रॉकेट** पर प्रक्षेपित किया गया है और इसमें **पुन: प्रयोज्य कैप्सूल** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - JAXA द्वारा विकसित अंतरिक्ष यान हायाबुसा 2, एक क्षुद्रग्रह नमूना-वापसी मिशन है जिसने क्षुद्रग्रह रयुगु का अन्वेषण किया।
- **नासा के स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन** ने विलियम्स और विल्मोर को **फ्रीडम** नामक क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर ISS से वापस लाया। **अत: कथन 2 सही है।**

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **द्विअपवर्तन** कुछ पदार्थों का **ऑप्टिकल गुण** है, जिसमें **आपतित प्रकाश दो किरणों में विभाजित** हो जाता है, तथा

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

प्रत्येक किरण **अलग-अलग दिशाओं में अलग-अलग अपवर्तनांक** के कारण **अलग-अलग गति से यात्रा** करती है।

- यह पदार्थों की **विषमतापूर्ण प्रकृति** के कारण उत्पन्न होता है।

- अपवर्तनांक **निर्वात में प्रकाश की गति तथा माध्यम में उसकी गति का अनुपात** है।
  - **निर्वात का अपवर्तनांक** 1 होता है। **उच्च अपवर्तनांक अधिक प्रकाशीय घनत्व** और **प्रकाश की निम्न गति** को दर्शाता है।
- **द्विअपवर्तक पदार्थों के प्रकार:**
  - **प्राकृतिक:** कैल्साइट, क्वाट्र्ज, अभ्रक
  - **सिंथेटिक:** बेरियम बोरेट, लिथियम नियोबेट
  - **अभिप्रेरित:** भौतिक तनाव, विद्युत या चुंबकीय क्षेत्र लागू करके बनाया जा सकता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- देशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये वर्ष 2014 में **राष्ट्रीय गोकुल मिशन** शुरू किया गया था।
  - यह मिशन राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के एक भाग के रूप में वर्ष 2021 से वर्ष 2026 की अवधि के लिये 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ जारी रहेगा।
- **RGM के अंतर्गत प्रमुख पहल:**
  - **गोकुल ग्राम: देशी नस्लों के संवर्धन एवं संरक्षण** के लिये ।
  - **किसानों के लिये पुरस्कार:** देशी मवेशियों और पशुपालकों के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिये गोपाल रत्न पुरस्कार और कामधेनु पुरस्कार।
  - राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्र: देशी नस्लों के वैज्ञानिक संरक्षण और विकास के लिये एक केंद्र। यह देश की देशी नस्लों के जर्मप्लाज्म (आनुवांशिक सामग्री) के राष्ट्रीय भंडार के रूप में कार्य करता है
  - ई-पशु हाट - नकुल प्रजनन बाज़ार: प्रजनकों और किसानों को जोड़ने वाला एक ई-मार्केट पोर्टल।
  - **राष्ट्रीय बोवाइन जीनोमिक केंद्र: जीन-आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उच्च-योग्यता वाले बैलों का चयन करने के लिये जीनोमिक संवर्द्धन हेतु** एक केंद्र।
- अत: ये तीनों ही **राष्ट्रीय गोकुल मिशन** के अंतर्गत प्रमुख पहल हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- UNCAT एक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है जो विश्व भर में यातना और अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या दंड को रोकने के लिये बनाई गई है। UNCAT के अनुच्छेद 1 में यातना को किसी सार्वजनिक अधिकारी की सहभागिता या सहमति से, जानकारी प्राप्त करने, दंड देने या डराने-धमकाने जैसे उद्देश्यों के लिये, जानबूझकर गंभीर शारीरिक या मानसिक पीड़ा पहुँचाने के रूप में परिभाषित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- UNCAT के तहत, राज्यों को घरेलू कानूनों के माध्यम से यातना को अपराध घोषित करना (अनुच्छेद 4) और पीड़ितों के लिये निवारण और मुआवजा सुनिश्चित करना (अनुच्छेद 14) आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत ने 1997 में UNCAT पर हस्ताक्षर किये थे, लेकिन अभी तक इसका अनुसमर्थन नहीं किया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस:**
  - 15 **मार्च 1983 को स्थापित** यह दिन (15 मार्च ) **राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी** के **वर्ष 1962** में **अमेरिकी**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**कॉन्ग्रेस को दिये गये संबोधन के स्मरण में मनाया जाता** है, जिसमें वे **उपभोक्ता अधिकारों को औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान करने वाले विश्व के पहले नेता** बने थे। **अत: कथन 1 सही है।**

- ◆ **उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** ने **"संधारणीय जीवन शैली के लिये एक उचित बदलाव"** थीम के साथ विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया।

- भारत प्रत्येक वर्ष **24 दिसंबर** को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाता है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ बनाने हेतु व्यापक प्रावधान किये गए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ध्वन्यास्त्र ऐसे उपकरण हैं जो लंबी दूरी तक **अत्यधिक संकेंद्रित, प्रवर्धित ध्वनि** प्रदान करते हैं, जिनका उपयोग सामन्यत: भीड़ को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2004** में, **संयुक्त राज्य अमेरिका** ने पहली बार इराक में लंबी दूरी तक तीव्र ध्वनि प्रक्षेपित करने के लिये ऐसे विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया था।
- **यह 3 प्रकार का होता है:**
  - ◆ **लंबी दूरी की ध्वनिक डिवाइस (LRAD):** यह 160 **डेसिबल** (dB) तक ध्वनि उत्पन्न करती है, जिससे **टिनिटस (रिंगिंग इअर्स)**, **श्रवण क्षमता में क्षय** और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।
    - ■ उड़ान के दौरान एक **जेट इंजन** 130-140 dB ध्वनि उत्पन्न करता है, और एक **बंदूक की गोली** लगभग 150 dB ध्वनि उत्पन्न करती है। **120 dB से अधिक ध्वनि** से स्थायी श्रुति-क्षय हो सकता है।
  - ◆ **मॉस्किटो:** इससे **अत्यधिक तीव्र ध्वनि** उत्पन्न होती है जो केवल युवा लोगों (30 वर्ष से कम) के लिये कष्टदायक होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - ◆ **इन्फ्रासोनिक वेपन:** इससे **निम्न आवृत्ति वाली, अश्रव्य ध्वनि** उत्पन्न होती है, जिससे दर्द और भटकाव होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

**रामदेवरा बेट्टा गिद्ध अभयारण्य:**

- यह कर्नाटक के **रामनगर** में **रामदेवरा बेट्टा हिल रेंज** में स्थित है।
- यह **भारत का पहला और एकमात्र गिद्ध अभयारण्य** है जिसकी स्थापना **वर्ष 2012** में हुई थी और लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों की सुरक्षा के लिये इसे वर्ष 2017 में इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZ) के रूप में अधिसूचित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अभयारण्य भारत में पाई जाने वाली **नौ गिद्ध प्रजातियों में से तीन का आवास है- इंडियन लॉन्ग-बिल्ड वल्चर, इजिप्शियन वल्चर** (Neophron Percnopterus) और **व्हाइट बैक्ड वल्चर** (Gyps bengalensis)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**इंडियन लॉन्ग-बिल्ड वल्चर (Gyps indicus):**

- यह **मध्यम आकार** वाला पक्षी है, जो एशिया (भारत, पाकिस्तान और नेपाल) का स्थानिक है, तथा मुख्य रूप से मृत पशुओं से आहार ग्रहण करता है।
- वे **सवाना, गाँवों, शहरों और कृषि क्षेत्रों के पास खुले परिदृश्य** पसंद करते हैं।
- **डिक्लोफेनाक (Diclofenac)** नामक पशु चिकित्सा दवा के कारण उनकी जनसंख्या में **97-99% की गिरावट** आई है।
- **IUCN स्थिति:** गंभीर रूप से संकटग्रस्त

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

**प्राकृतिक कृषि:**

- **प्राकृतिक कृषि (NF)** कृषि की **रसायन मुक्त**, पारंपरिक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

पद्धति है जिसमें **फसलों, वृक्षों और पशुधन** को कार्यात्मक जैवविविधता के साथ एकीकृत किया जाता है।

- इसमें **न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप** पर ज़ोर दिया जाता है, जिसके कारण इसे **"डू नथिंग फार्मिंग"** भी कहते हैं।
- इसमें **कृषि इनपुट** का उपयोग शामिल है जैसे:

- जैविक खेती के विपरीत, जो बाहरी जैविक आदान की अनुमति देता है, प्राकृतिक कृषि **पूरी तरह से खेत पर आदान (इनपुट)** पर निर्भर करती है। उदाहरण के लिये, **मल्चिंग, फसल विविधता और जैव-आदान।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

**38.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया, रायसीना डायलॉग का नाम **नई दिल्ली में रायसीना की पहाड़ी** के नाम पर रखा गया है, यह **ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF)** के सहयोग से **विदेश मंत्रालय** द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह भारत का प्रमुख भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र सम्मेलन है, जो **म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन** (जर्मनी) और **सिंगापुर के शांगरी-ला वार्ता** से तुलनीय है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा और पोषक तत्त्वों का प्रवाह एकदिशीय होता है, अर्थात यह एक ही दिशा में चलता है- सूर्य से उत्पादकों (पौधों) तक और फिर विभिन्न पोषण स्तरों पर उपभोक्ताओं तक।
  - एक बार उपयोग हो जाने पर **ऊर्जा ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाती है।**
  - इसके विपरीत, **पोषक चक्रण एक सतत् प्रक्रिया है, क्योंकि कार्बन, नाइट्रोजन और फास्फोरस** जैसे आवश्यक तत्त्वों को **जैव-रासायनिक चक्रों** के माध्यम से पुनर्नवीनीकरण किया जाता है, जिससे समय के साथ जीवों के लिये उनकी उपलब्धता सुनिश्चित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **लिंडमैन** द्वारा प्रस्तावित **ऊर्जा हस्तांतरण के 10% नियम** के अनुसार, केवल **10% ऊर्जा अगले ट्रॉफिक स्तर पर स्थानांतरित होती है**, जबकि **90% ऊर्जा** प्रत्येक चरण में गर्मी, श्वसन और अन्य चयापचय गतिविधियों के रूप में खो जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इससे खाद्य श्रृंखला में ट्रॉफिक स्तरों की संख्या सीमित हो जाती है, क्योंकि प्रत्येक स्थानान्तरण के साथ ऊर्जा कम हो जाती है।

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 5G, 4G की तुलना में अधिक आवृत्तियों पर संचालित होता है, जिसमें **मिलीमीटर-वेव आवृत्तियों (24 गीगाहर्ट्ज - 100 गीगाहर्ट्ज)** सहित **व्यापक रूप से स्पेक्ट्रम** का उपयोग किया जाता है। यह **तीव्र डेटा स्पीड को सक्षम बनाता है,** लेकिन **इसकी रेंज कम होती है**, जिसके लिये कवरेज बनाए रखने हेतु **अधिक बेस स्टेशन और छोटे सेल** की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 5G तकनीक **अल्ट्रा-लो लेटेंसी (~ 1 मिलीसेकंड) को सक्षम बनाती है, जिससे यह स्वायत्त वाहनों, रिमोट सर्जरी तथा IoT** जैसे अनुप्रयोगों के लिये आवश्यक हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके विपरीत, **4G विलंबता (लेटेंसी) लगभग 30-50 MS** है, जिससे वास्तविक समय संचार में 5G काफी तेज़ हो जाता है।
  - **लेटेंसी** का तात्पर्य नेटवर्क पर डेटा भेजने और प्राप्त करने के बीच के **समय की देरी से है।** इसे मिलीसेकंड (MS) में मापा जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **बीमफॉर्मिंग** एक तकनीक है **जिसका उपयोग 5G नेटवर्क में सिग्नल दक्षता बढ़ाने तथा हस्तक्षेप** को कम करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **बीमफॉर्मिंग** एक **सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीक है** जो वायरलेस सिग्नलों को सभी दिशाओं में प्रसारित करने के बजाय उन्हें **विशिष्ट उपयोगकर्ताओं या उपकरणों की ओर निर्देशित करती है।**
    - यह **उन्नत एंटीना सरणियों का उपयोग करके संकेतों को** सटीक रूप से निर्देशित करता है , **हस्तक्षेप को कम करता है** , **दक्षता बढ़ाता है** और विशेष रूप से **उच्च घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों** में **नेटवर्क क्षमता में सुधार करता है** ।

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ( LPG )** हाइड्रोकार्बन का मिश्रण है, मुख्य रूप से **ब्यूटेन ( $C_4H_{10}$ ) और प्रोपेन ( $C_3H_8$ )**। इसका उपयोग **खाना पकाने, हीटिंग और वाहन ईंधन के लिये किया जाता है।**
- **संपीड़ित प्राकृतिक गैस ( CNG )** में मुख्य रूप से **मीथेन ( $CH_4$ ) होता है,** जो स्वच्छ जलने वाला हाइड्रोकार्बन है। इसका उपयोग **वाहनों के लिये वैकल्पिक ईंधन के रूप में किया जाता है** क्योंकि इसमें उत्सर्जन कम होता है।
- **बायोगैस** जैविक अपशिष्ट के **अवायवीय पाचन** से उत्पन्न होती है। इसमें **मीथेन ( $CH_4$ ) और कार्बन डाइऑक्साइड ( $CO_2$ )** काफी मात्रा में होती है। इसका उपयोग **विद्युत उत्पादन, खाना पकाने और हीटिंग के लिये किया जाता है।**
- **उत्पादक गैस** सीमित ऑक्सीजन में **कोयले, लकड़ी या बायोमास के आंशिक दहन** से प्राप्त होती है। इसमें मुख्य रूप से **हाइड्रोजन ( $H_2$ ) और कार्बन मोनोऑक्साइड ( CO ) होते हैं।** इसका उपयोग **औद्योगिक भट्टियों में और विद्युत उत्पादन के लिये ईंधन के रूप में किया जाता है।**
- **अतः विकल्प A सही है**

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ( UPI )** एक **त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ( NPCI )** द्वारा **मोबाइल फोन** के माध्यम से **अंतर-बैंक लेनदेन की** सुविधा के लिये विकसित किया गया है ।
- UPI **ऑटोपे सुविधा उपयोगकर्त्ताओं को उपयोगिता बिल, OTT सदस्यता और लोन EMI के पुनर्भुगतान** जैसी सेवाओं के लिये **आवर्ती भुगतान** सेट करने में सक्षम बनाती है।
- एक बार प्रारंभिक रूप से अधिकृत होने के बाद, भुगतान स्वचालित रूप से हो जाता है, तथा प्रत्येक बार UPI पिन इनपुट की आवश्यकता नहीं होती (जब तक कि RBI द्वारा निर्धारित सीमा अधिक न हो)।
- **अतः विकल्प B सही है**

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विनिमय पत्र पर स्टाम्प शुल्क केंद्र सरकार** द्वारा लगाया जाता है लेकिन भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 268** के अनुसार इसे संबंधित राज्य सरकारों द्वारा एकत्रित और विनियोजित किया जाता है।
- भारत में **समाचार पत्रों की बिक्री या खरीद** पर तथा उनमें प्रकाशित विज्ञापनों पर कर **केंद्र सरकार द्वारा लगाया और एकत्र** किया जाता है लेकिन भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 269** के अनुसार शुद्ध आय राज्यों को सौंप दी जाती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लोक **लेखा समिति ( PAC )** एक संसदीय समिति है, जो वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये **भारत सरकार के**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**राजस्व और व्यय का लेखा-जोखा रखने के लिये ज़िम्मेदार है। इसमें 22 सदस्य होते हैं** (लोकसभा से 15, राज्यसभा से 7), जो वार्षिक रूप से चुने जाते हैं। **लोकसभा अध्यक्ष इस समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति करता है,** हालाँकि **मंत्री इसके लिये अयोग्य होते हैं।**

- PAC संसद में प्रस्तुति के बाद CAG द्वारा प्रस्तुत **विनियोग खातों और लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जाँच करती है, यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी खर्च स्वीकृत आवंटन के अनुरूप हो। अत: कथन 1 सही है।**

- प्राक्कलन **समिति** एक **30 सदस्यीय लोकसभा समिति है, जिसका चुनाव प्रतिवर्ष होता है, जो** वित्तीय प्रबंधन में **मितव्ययिता, दक्षता और प्रशासनिक सुधार** सुनिश्चित करने के लिये सरकारी व्यय और बजट अनुमानों की जाँच करती है।
  - यह सबसे बड़ी संसदीय समिति है। लोकसभा की **कार्य मंत्रणा समिति** और **नियम समिति की अध्यक्षता भी अध्यक्ष करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मानव परिसंचरण तंत्र (कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम) अंगों और रक्त वाहिकाओं** का एक नेटवर्क है जो पूरे शरीर में रक्त पंप करने के लिए उत्तरदायी है। यह **अपशिष्ट उत्पादों** को हटाते हुए ऊतकों तक **ऑक्सीजन एवं पोषक तत्व पहुँचाता** है जिससे उचित शारीरिक कार्य सुनिश्चित होता है।
- रक्त वाहिकाएँ रक्त परिसंचरण के लिए एक नेटवर्क बनाती हैं और इसमें **धमनियाँ, शिराएँ और केशिकाएँ** शामिल होती हैं।
- धमनियाँ आमतौर पर हृदय से ऑक्सीजन युक्त रक्त को शरीर के विभिन्न भागों में ले जाती हैं। हालाँकि, **फुफ्फुसीय धमनी** एक अपवाद है क्योंकि यह **ऑक्सीजन रहित रक्त** को हृदय से फेफड़ों तक ऑक्सीजन के लिए ले जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अन्य शिराओं के विपरीत, **फुफ्फुसीय शिरा फेफड़ों से ऑक्सीजन युक्त रक्त** को हृदय के बाएँ आलिंद तक ले जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- शिराएँ रक्त को **हृदय** की ओर ले जाती हैं और इनमें एकतरफा रक्त प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए **वाल्व** होते हैं। ये वाल्व रक्त के विपरीत प्रवाह को रोकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **कुल प्रजनन दर (TFR)** से तात्पर्य किसी महिला द्वारा अपने प्रजनन वर्षों के दौरान जन्म देने वाले **बच्चों की अपेक्षित औसत संख्या** से है।
  - **प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता** (2.1) वह दर है जिस पर कोई जनसंख्या बिना प्रवास के स्वयं को प्रतिस्थापित करती है।
  - हाल ही में **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) (2019-21)** के आँकड़ों के अनुसार TFR घटकर **2.0 बच्चे प्रति महिला** हो गया है, जो जनसंख्या स्थिरीकरण की ओर **जनसांख्यिकीय संक्रमण** को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय जनसंख्या नीति (NPP), 2000 का** लक्ष्य **सामाजिक-आर्थिक विकास और सतत् वृद्धि** के अनुरूप वर्ष 2045 तक **जनसंख्या स्थिरीकरण** हासिल करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - NPP 2000 **शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम करने, गर्भनिरोधक को बढ़ाने** और **प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार** लाने पर केंद्रित है।

**47.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्षय रोग (TB) **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु** के कारण होता है, न कि वायरस के कारण। यह मुख्य रूप से फेफड़ों (**फुफ्फुसीय टीबी**) को प्रभावित करता है, लेकिन अन्य अंगों (**एक्सट्रापल्मोनरी टीबी**) को भी प्रभावित कर सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- BCG **का टीका** मुँह से नहीं, बल्कि **त्वचा के अंदर इंजेक्शन** के रूप में दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) का लक्ष्य विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीबी उन्मूलन रणनीति** के तहत वर्ष **2030 के वैश्विक लक्ष्य** से पाँच वर्ष पूर्व वर्ष 2025 तक भारत में टीबी को समाप्त करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह कार्यक्रम टीबी का समाधान करने के क्रम में **शीघ्र पहचान, नि:शुल्क उपचार और सामुदायिक सहभागिता** पर केंद्रित है।

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ब्लॉकचेन** एक **विकेंद्रीकृत और वितरित खाता बही** तकनीक है, न कि एक केंद्रीकृत डेटाबेस। इसमें **क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों** और **सर्वसम्मति तंत्र** (जैसे कार्य का प्रमाण या हिस्सेदारी का प्रमाण) का उपयोग करके सुरक्षित एवं **छेड़छाड़-रहित लेनदेन सुनिश्चित** होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स, ब्लॉकचेन** पर संग्रहीत **स्व-निष्पादित प्रोग्राम** हैं जो **पूर्वनिर्धारित शर्तों के** पूरा होने पर कार्रवाई शुरू करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इससे बिचौलियों की आवश्यकता समाप्त होती है, जिससे लेनदेन में **पारदर्शिता और दक्षता** बढ़ती है। **उदाहरण: एथेरियम में विकेंद्रीकृत एप्लीकेशन (DApps)** के लिए स्मार्ट अनुबंधों का उपयोग होता है।
- **सार्वजनिक ब्लॉकचेन** (जैसे, बिटकॉइन, एथेरियम) **अनुमति रहित** हैं, जिसका अर्थ है कि **कोई भी व्यक्ति** बिना किसी स्वीकृति के लेनदेन सत्यापन (खनन/स्टेकिंग) में भाग ले सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - दूसरी ओर, **अनुमति प्राप्त ब्लॉकचेन द्वारा केवल अधिकृत प्रतिभागियों** तक ही पहुँच को सीमित किया जाता है (उदाहरण के लिए, एंटरप्राइज़ अनुप्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले हाइपरलेजर फैब्रिक)।

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (C-DoT)** ने **स्टार्टअप सहयोग** तथा **निवेश आकर्षित करके दूरसंचार एवं आईटी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के क्रम में 'समर्थ' इनक्यूबेशन कार्यक्रम** शुरू किया है। इसे **MeitY** के **तहत** सॉफ्टवेयर **टेक्नोलॉजी** पार्क्स **ऑफ इंडिया (STPI)** के साथ साझेदारी में लागू किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **समर्थ कार्यक्रम:** इसका उद्देश्य 5G/6G, AI, IoT, क्वांटम टेक्नोलॉजीज़ और साइबर सुरक्षा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप्स (DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त) को समर्थन देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **यह धारणीय और स्केलेबल बिज़नेस मॉडल एवं अत्याधुनिक संसाधन** उपलब्ध कराने के साथ **स्टार्टअप** के विकास में सहायता करने पर केंद्रित है।

**50.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD):**
  - IOD (जिसे कभी-कभी **भारतीय नीनो** के रूप में भी जाना जाता है) **अल नीनो घटना** के समान है, जो पूर्व में इंडोनेशियाई और मलेशियाई तटरेखा तथा पश्चिम में **सोमालिया के पास अफ्रीकी तटरेखा** के बीच हिंद महासागर के **अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्र** में घटित होती है। **अतः: कथन 1 सही है।**
  - नकारात्मक IOD चरण की विशेषताओं में पूर्वी हिंद महासागर (इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया) के पास समुद्री सतह का तापमान सामान्य से अधिक होना तथा पश्चिमी हिंद महासागर (अफ्रीकी तट के पास) में तापमान कम होना शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**51.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **मोरन समुदाय:**
  - इसे असम की एक **मूल जनजाति** के रूप में मान्यता प्राप्त है, तथा इसकी एक छोटी आबादी **अरुणाचल प्रदेश** में भी रहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वे धर्म से **वैष्णव** हैं और **मोआमरिया संप्रदाय** से संबंधित हैं। श्री शंकर देव के शिष्य **श्री अनिरुद्ध देव** (1553-1624) ने उन्हें **असम में नव-वैष्णववाद** से परिचित कराया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - असम सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में रहने वाले मोरान समुदाय के सदस्यों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र (PRC) देने का निर्णय लिया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय** के **वेलबींग रिसर्च सेंटर** ने गैलप, **संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क** (UNSDSN) के साथ साझेदारी में **वर्ल्ड हैप्पीनेस डे (20 मार्च)** पर **वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (WHR) 2025** जारी की। **अत: कथन 1 सही है।**
- **WHR 2025 की मुख्य विशेषताएँ:**
  - **सबसे खुशहाल देश: फिनलैंड** (लगातार **8वें वर्ष**), उसके बाद **डेनमार्क, आइसलैंड** और **स्वीडन**।
  - **भारत की रैंकिंग: 118वीं (2025), वर्ष 2024 में 126वीं। अत: कथन 2 सही है।**

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फोटो-असिस्टेड, **सेल्फ-चार्जिंग ऊर्जा भंडारण उपकरण** उन्नत ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ (बैटरी) हैं जो वायुमंडलीय ऑक्सीजन के उपयोग से **सौर ऊर्जा रूपांतरण** को **स्व-रिचार्जिंग क्षमताओं** के साथ एकीकृत करने पर आधारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **फोटो-असिस्टेड बैटरियाँ** ऐसी बैटरियाँ होती हैं जो **सौर ऊर्जा को संग्रहण** के साथ संयोजित करती हैं, जिससे **प्रत्यक्ष ऊर्जा रूपांतरण और अवधारण** संभव होता है, लेकिन अपूर्ण ऊर्जा संग्रहण, अल्प प्रकाश पर निर्भरता और सीमित चार्ज अवधारण के कारण इन्हें **बाह्य चार्जिंग की आवश्यकता** होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ग्रेहाउंड्स** एक **विशेष माओवादी विरोधी बल** है जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में IPS अधिकारी के.एस. व्यास ने **आंध्र प्रदेश** में बढ़ते माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिये की थी।
- **वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा और उपायों की सिफारिश करने के लिये बंद्योपाध्याय समिति (वर्ष 2006) का गठन** किया गया था।
  - इसने इन मुद्दों के समाधान के लिये भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास के लिये जनजातीय-अनुकूल नीतियों की सिफारिश की।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भगत सिंह** भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के **गरमपंथी चरण (लाल-बाल-पाल)** और गांधीवादी चरण के बीच की संक्रमणकालीन पीढ़ी से संबंधित थे।
- 1924 में, वे **शचींद्रनाथ सान्याल** द्वारा शुरू किये गये **हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA)** में शामिल हो गये, जहाँ वे चंद्रशेखर आज़ाद के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ गये और क्रांतिकारी आदर्शों को अपना लिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- बाद में, वर्ष 1925 में, उन्होंने लाहौर में एक उग्रवादी युवा संगठन **नौजवान भारत सभा की स्थापना** की, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के खिलाफ युवा भारतीयों को संगठित करना था।
- वर्ष 1926 में वे **सोहन सिंह जोश** से जुड़े और कीर्ति किसान पार्टी के प्रकाशन, **कीर्ति के संपादकीय बोर्ड में शामिल हो गये,** जिससे समाजवादी आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और गहरी हो गयी।
- समय के साथ, वह **हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन** ( **HSRA** ) में एक प्रमुख व्यक्ति बन गए और **लाहौर षडयंत्र केस ( वर्ष 1929 )** और **केंद्रीय विधान सभा बम विस्फोट ( वर्ष 1929 )** में अग्रणी भूमिका निभाई।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लाजवर्द ( Lapis lazuli ):**

- **लाजवर्द ( Lapis lazuli )** एक **रूपांतरित शैल** और **उपरत्न** है, जो गहरे नीले रंग के लिये जाना जाता है, तथा प्राचीन सभ्यताओं के अनुसार धन, शक्ति और सामाजिक स्थिति का प्रतीक है।
- इसका गाढ़ा नीला रंग **लाजुराइट** ( 25-40% ) के कारण होता है, जो सल्फर की मात्रा से प्रभावित होता है।
  - **कैल्साइट** की उपस्थिति से इसका नीलापन कम होता है, जबकि **पाइराइट्स** के कारण इसे एक स्वर्णिम चमक मिलती है।
- हालाँकि यह रत्न चिली, रूस और अमेरिका जैसे कई देशों में पाया जाता है, लेकिन सबसे बेहतरीन लाजवर्द **अफगानिस्तान के बदख्शाँ प्रांत** से प्राप्त होता है, जहाँ 6,000 से अधिक वर्षों से इसका खनन किया जा रहा है।
- भारत में व्यापारी 1000 ईसा पूर्व बदख्शाँ से लाजवर्द का आयात करते थे और लाजवर्द से बने आभूषण **मोहनजोदड़ो और हड़प्पा** जैसे **सिंधु घाटी स्थलों** में पाए गए हैं।
- प्राचीन मिस्र के लोग इसका उपयोग आभूषणों और सौंदर्य प्रसाधनों के लिये करते थे, जबकि **पुनर्जागरण काल** के कलाकार चित्रकारी में उपयोग में लाए जाने हेतु इसे अल्ट्रामरीन रंगद्रव्य में परिवर्तित करते थे।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**57.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हिंद महासागर रिम एसोसिएशन ( IORA ):**

- **इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन ( IORA )** हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग एवं क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IORA का सर्वोच्च निकाय **विदेश मंत्रियों की परिषद** ( COM ) है, जिसकी वार्षिक बैठक होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हिंद महासागर क्षेत्र के **सभी संप्रभु देश** एसोसिएशन की सदस्यता के लिये पात्र हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 222** राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश के आधार पर एक न्यायाधीश (मुख्य न्यायाधीश सहित) को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चाहे यह पहला या बाद का स्थानांतरण हो, **न्यायाधीश की सहमति की आवश्यकता नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है**
- **भारत के मुख्य न्यायाधीश ( CJI )** स्थानांतरण प्रस्ताव शुरू करते हैं और उनकी राय निर्णायक होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

- UNCED, जिसे **'पृथ्वी शिखर सम्मेलन'** के नाम से भी जाना जाता है, 3-14 जून 1992 तक ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया गया था।
  - यह वैश्विक सम्मेलन 1972 में स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित प्रथम मानव पर्यावरण सम्मेलन की 20वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।
- रियो 'पृथ्वी शिखर सम्मेलन' का प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरण और विकास के मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यवाही के लिये एक व्यापक एजेंडा और एक नया खाका तैयार करना था।
- **सम्मेलन के परिणाम निम्नलिखित दस्तावेज़ थे:**
  - जलवायु परिवर्तन पर रूपरेखा अभिसमय (UNFCCC)
  - **जैव विविधता पर अभिसमय**
  - **वन सिद्धांतों पर वक्तव्य**
  - रियो घोषणापत्र
  - **एजेंडा 21**
- इसलिये तीनों, **जैवविविधता पर अभिसमय (1), वन सिद्धांतों पर वक्तव्य (2) और एजेंडा 21 (2) पृथ्वी शिखर सम्मेलन 1992 का हिस्सा थे।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

60.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत की समृद्ध जैवविविधता लगातार खतरे में है, तथा कई प्रजातियाँ विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं।
- सूचीबद्ध प्रजातियों में से, **हंगुल (1) और मालाबार सीवेट** (4) को IUCN रेड लिस्ट के तहत **गंभीर रूप से संकटग्रस्त** (CR) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, **जबकि ब्रो-एंटलर्ड डियर (2) और अरब सागर हंपबैक व्हेल (3) को संकटग्रस्त** (EN) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- वन्यजीव आवास विकास घटक के अंतर्गत प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम, प्रमुख और कम ज्ञात दोनों प्रजातियों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है, जिनमें ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, जेरडॉन्स कॉर्सर, हंगुल, मालाबार सीवेट जैसी गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियाँ शामिल हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

61.

उत्तर: B

व्याख्या:

**समकारी लेवी (डिजिटल सेवा कर):**

- **वर्ष** 2016 में शुरू की गई **समकारी लेवी,** भारत में **डिजिटल लेनदेन** से उत्पन्न आय पर कर लगाने के लिये **विदेशी डिजिटल सेवा प्रदाताओं** पर लगाया गया एक प्रत्यक्ष कर है।
- इसका **उद्देश्य भारत में भौतिक उपस्थिति नहीं रखने** वाले **डिजिटल व्यवसायों** के लिये उचित **कराधान सुनिश्चित** करना है, जो **कर से बचने** पर अंकुश लगाने के लिये **BEPS (आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण) कार्य योजना** के साथ संरेखित है।
- यह **सेवा प्राप्तकर्त्ता** द्वारा भुगतान के समय आहरित किया जाता है यदि:
  - **भुगतान** एक **अनिवासी** सेवा प्रदाता को किया जाता है।
  - एक वित्तीय वर्ष में एकल प्रदाता को **वार्षिक भुगतान 1,00,000 रुपए से अधिक** है।
- **समकारी लेवी** शुरू में **ऑनलाइन विज्ञापनों** (6%) पर लागू होती थी और इसे **वर्ष 2020 में डिजिटल सेवाओं और ई-कॉमर्स** (2%) को कवर करने के लिये विस्तारित किया गया था, जिसे **अगस्त 2024 में समाप्त** कर दिया गया।
- **यदि अनिवासी का भारत में स्थायी कार्यालय है, भुगतान 1 लाख रुपए से कम है,** या आय **दोहरे कराधान को रोकने के लिये धारा 10(50) के अंतर्गत** आती है तो यह लागू नहीं होती है।
  - **तकनीकी सेवाओं के लिये रॉयल्टी या शुल्क** के रूप में कर योग्य आय को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **केंद्र सरकार** ने **समकारी लेवी** को **समाप्त** करने का प्रस्ताव दिया है, जिससे गूगल, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और मेटा जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों पर विज्ञापनदाताओं को कर का बोझ कम होने से लाभ होगा।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 21 मार्च 2025 को **पहला विश्व ग्लेशियर दिवस** मनाया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व जल विकास (WWD) रिपोर्ट 2025 **संयुक्त राष्ट्र (UN)** द्वारा जारी की गई। **अत: कथन 2 सही है।**
- **WWD रिपोर्ट, 2025 के अनुसार:**
  - वर्ष 2100 तक समग्र विश्व के पर्वतीय हिमनदों के **द्रव्यमान में 26-41% की कमी** हो सकती है, जिससे उच्च उन्नतांश क्षेत्रों में निवास करने वाले **1.1 बिलियन** लोग प्रभावित होंगे।
  - **ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF)** की घटनाएँ बढ़ रही हैं, जिससे **आकस्मिक बाढ़ और भूस्खलन** हो रहा है।
    - **विगत 200 वर्षों** में इनके कारण विश्व में 12,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, तथा **वर्ष 2100** तक GLOF का खतरा तीन गुना बढ़ सकता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने **वर्ष 2025** को **अंतर्राष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष (IYGP)** घोषित किया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यह **क्रायोस्फेरिक विज्ञान पर कार्रवाई दशक (2025-2034)** की शुरुआत का भी प्रतीक होगा, जिसका उद्देश्य ग्लेशियर संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करना है।

**63.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF):**

- **GFCF:** इसे **"निवेश"** के रूप में भी विनिर्दिष्ट किया जाता है। GFCF एक विशिष्ट अवधि में किसी अर्थव्यवस्था की **स्थायी पूंजी परिसंपत्तियों (निपटानक के बाद निवेश)** में निवल वृद्धि को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें बुनियादी ढाँचे, मशीनरी, उपकरण और अन्य संधारणीय परिसंपत्तियों में किया जाने वाला निवेश शामिल है जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास में योगदान देते हैं।
- **यह सकल पूंजी निर्माण (GCF)** का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें **स्टॉक (इन्वेंट्री) में परिवर्तन** और **मूल्यवान वस्तुओं** (सोना, रत्न और बहुमूल्य रत्न आदि) का **निवल अधिग्रहण** भी शामिल है।
- **महत्त्व:** भारत के **मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** में इसका 30% योगदान है, जो इसे निजी अंतिम उपभोग व्यय के बाद दूसरा सबसे बड़ा घटक बनाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - GFCF आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह इससे प्रत्यक्ष रूप से GDP और उत्पादकता बढ़ती है तथा साथ ही जीवन स्तर में सुधार होता है।
    - यह पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन और नवाचार में सहायता के साथ **आत्मनिर्भरता** को बढ़ावा देता है।
  - **व्यापारिक विश्वास** के सूचक के रूप में GFCF, विशेष रूप से निजी क्षेत्र में, भविष्य की आर्थिक क्षमता और समग्र उत्पादन क्षमता को दर्शाता है।

**64.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)** की स्थापना **वर्ष** 1974 में **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)** के सदस्य देशों द्वारा **औद्योगिक देशों** को **वर्ष 1973-1974** के **तेल संकट से निपटने में मदद करने** के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - कालांतर में इसका कार्य ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और स्वच्छ ऊर्जा तक विस्तारित हो गया है।
- IEA के चार मुख्य क्षेत्र हैं: ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास, पर्यावरण जागरूकता और विश्वव्यापी सहभागिता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- IEA के सदस्यों में 31 सदस्य देश, भारत सहित 13 सहयोगी देश तथा 4 अधिमेली देश शामिल हैं।
  - **IEA की सदस्यता के उम्मीदवार देश को OECD का सदस्य देश होना आवश्यक है। अत: कथन 2 सही है।**
- **वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट, इंडिया एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट, वर्ल्ड एनर्जी निवेश इन्वेस्टमेंट** इसके द्वारा जारी की जाने वाली प्रमुख रिपोर्टें हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून-सितंबर),** जिसे "आगे बढ़ता मानसून" भी कहा जाता है, हिंद महासागर से नमी युक्त पवनें लाता है।
- **भारतीय मानसून को प्रभावित करने वाले कारक:**
  - **अंतर -उष्णकटिबंधीय अभिसरण पेटी (ITCZ) गर्मियों में उत्तर की ओर स्थानांतरित हो जाती है,** जिससे भारत पर निम्न दाब बनता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - तिब्बत का पठार अत्यधिक उष्ण हो जाता है, जिससे उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट उत्पन्न होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - ये संयुक्त कारक हिंद महासागर से नमी युक्त पवनों को आकर्षित करते हैं, जिससे दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय हो जाता है।
  - उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम (जो उत्तर-पूर्वी मानसून से जुड़ी हैं) भी मानसून की तीव्रता को नियंत्रित करती हैं। इसके अतिरिक्त, **सोमाली जेट जो ओमान के तटों के समानांतर हिंद महासागर में तिर्यक प्रवाहित होती है, दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाओं को प्रबल करती है। अत: कथन 3 सही है।**
  - हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) पश्चिमी और पूर्वी हिंद महासागर के बीच एक तापमान विसंगति है; सकारात्मक IOD (उष्ण पश्चिम) मानसून को बढ़ाता है और नकारात्मक IOD इसे कमज़ोर करता है।

**66.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भद्रा वन्यजीव अभयारण्य:**

- भद्रा नदी के नाम पर बने इस अभयारण्य को **मुथोडी वन्यजीव अभयारण्य** के नाम से भी जाना जाता है।
  - यह एक **प्रोजेक्ट टाइगर** रिज़र्व है, और इसमें विविध प्रकार के वन हैं, जिनमें दक्षिणी नम मिश्रित पर्णपाती वन, शुष्क पर्णपाती वन और **शोला वन** शामिल हैं।
    - इसमें कर्नाटक का सबसे बड़ा **400 वर्ष पुराना सागौन का वृक्ष, जगारा जायंट** भी है।
  - BWS में बाघ, तेंदुए, ढोल, गौर, हिरण और हाथी सहित विविध जीव-जंतु पाए जाते हैं। यह 250 से अधिक पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है, जैसे हॉर्नबिल, मालाबार ट्रोगोन और हिल मैना, जिनमें से कई **पश्चिमी घाट** में स्थानिक हैं।
  - अभयारण्य वर्तमान में लगभग 450 हाथियों को आश्रय देता है, वन अधिकारियों का अनुमान है कि यह 200 और हाथियों को समायोजित कर सकता है।
- **कर्नाटक** ने **हासन, चिकमंगलूर और कोडागु ज़िलों** में बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष को प्रबंधित करने के लिये एक **"सॉफ्ट रिलीज़" स्ट्रैटजी** का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत पकड़े गए हाथियों को धीरे-धीरे **भद्रा वन्यजीव अभयारण्य (BWS)** में पुनर्वासित किया जाएगा।
- **सॉफ्ट-रिलीज़ स्ट्रैटजी:** हाथियों को BWS में चार निर्दिष्ट स्थलों पर चरणबद्ध तरीके से छोड़े जाने से पूर्व, उन्हें **अनुकूलन और स्वास्थ्य जाँच** के लिये 20 वर्ग किलोमीटर के बाड़े में रखा जाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




- अत: विकल्प B सही है।

67.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**सहयोग पोर्टल:**

- **सरल अनुपालन** और **सुरक्षित साइबरस्पेस** के लिये **सरकारी एजेंसियों और सोशल मीडिया मध्यस्थों** के बीच **सहयोग बढ़ाने** के लिये **गृह मंत्रालय (MHA)** द्वारा **सहयोग पोर्टल** लॉन्च किया गया है।
  - यह **विधिविरुद्ध कंटेंट की रिपोर्टिंग और निष्कासन** को सुव्यवस्थित करता है तथा **IT अधिनियम, 2000** के तहत कानून प्रवर्तन से डेटा अनुरोधों को सुविधाजनक बनाता है।
  - यह **अधिकृत एजेंसियों (जैसे पुलिस) और मध्यस्थों** को एक ही मंच पर एकीकृत करता है, जिससे **अवैध डिजिटल गतिविधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही** सुनिश्चित होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **एक्स कॉर्प (पूर्व में ट्विटर)** ने भारत सरकार के खिलाफ **उच्च न्यायालय** में मुकदमा दायर किया है, जिसमें **सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000** की **धारा 79** और हाल ही में लॉन्च किये गए **सहयोग पोर्टल** के माध्यम से कथित **सेंसरशिप एवं कंटेंट विनियमन** को चुनौती दी गई है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**68.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- SGB योजना **वर्ष 2015** में **वास्तविक सोने की मांग में कमी लाने** और घरेलू बचत के एक हिस्से को **वित्तीय बचत** में रूपांतरित करने हेतु शुरू की गई थी, जिसका उपयोग अन्यथा सोना खरीदने के लिये किया जाता था।
- **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड सरकारी प्रतिभूति (GS) अधिनियम, 2006** के तहत **भारत सरकार के स्टॉक** के रूप में जारी किये जाते हैं।
- ये बॉण्ड भारत सरकार की ओर से **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** द्वारा जारी किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (लघु वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों** के अतिरिक्त), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नामित डाकघरों और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा एजेंटों के माध्यम से खरीद के लिये उपलब्ध हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ये बॉण्ड स्थानीय व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (HUF), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा खरीद के लिये उपलब्ध हैं।
- गोल्ड बॉन्ड की **परिपक्वता अवधि 8 वर्ष** होती है, जिसमें पहले पाँच वर्षों के बाद विनिवेश करने का का विकल्प होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**69.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **सीसा विषाक्तता** (जिसे **प्लम्बिज्म और सैचुरिज्म** के नाम से भी जाना जाता है) तब होती है जब **सीसा समय के साथ शरीर में संचित हो जाता है**, आमतौर पर महीनों या वर्षों में, जिसके परिणामस्वरूप विषाक्त प्रभाव उत्पन्न होते हैं।
- **वर्ष 2020 की यूनिसेफ-प्योर अर्थ रिपोर्ट** में पाया गया कि **भारत के आधे बच्चों के रक्त में सीसे का स्तर (BLL) उच्च** है। लगभग **275 मिलियन** बच्चों में यह स्तर **विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा (5 µg/dL)** से अधिक है, तथा **64.3 मिलियन** बच्चों में यह स्तर इससे भी अधिक **(10 µg/dL से अधिक)** है।
- सीसे का जोखिम दूषित जल, औद्योगिक उत्सर्जन, बैटरी रीसाइक्लिंग और मिलावटी मसालों से आता है।
  - इसके लक्षणों में थकान, पेट दर्द, मतली, दस्त, भूख न लगना, एनीमिया, मांसपेशियों में कमज़ोरी और मसूड़ों पर काली रेखा (Dark Line) शामिल हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**70.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में न्यायालयों की अवमानना शक्ति:**

- **न्यायालय की अवमानना न्यायपालिका** को **अनुचित आलोचना से बचाने** तथा **इसके अधिकार को कमजोर करने वालों को दंडित करने** के लिये एक **विधिक** तंत्र है।
- **अवमानना के प्रकार:**
  - **अमेरिकी न्यायालय में** अवमानना के 2 प्रकार हैं: **सिविल अवमानना (आदेशों का अनुपालन न करना), आपराधिक अवमानना (न्याय में बाधा, अवज्ञा)।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- भारत के मामले में, **अवमानना की कार्यवाही** या तो न्यायालय द्वारा **स्वयं (*स्वतः संज्ञान से*) या अटॉर्नी जनरल (AG)** की पूर्वानुमति से **व्यक्ति की याचिका द्वारा शुरू** की जा सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **विधिक प्रावधान:**
  - भारत में, **अनुच्छेद 129** के अंतर्गत **सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित किये जाने का प्राधिकार** प्रदान किया गया है, जबकि **उच्च न्यायालयों को यह शक्ति अनुच्छेद 215 के अंतर्गत प्रदान की गई है,** जिनके पास **अधीनस्थ न्यायालयों की अवमानना** हेतु भी दंडित करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **न्यायालय अवमान अधिनियम (1971)** में न्यायालयों को **अवमानना कार्यवाही करने और डिक्री** के माध्यम से आदेशों को प्रवर्तित करने का प्राधिकार दिया गया है।
    - **अपवाद:** कोई भी व्यक्ति किसी ऐसे मामले के गुणागुण पर निष्पक्ष टिप्पणी प्रकाशित करने के लिये **अवमानना का दोषी नहीं** होगा, जिसकी **सुनवाई हो चुकी है और अंतिम रूप से निर्णय किया जा चुका है।**

71.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इनर लाइन परमिट (ILP):**

- यह संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया एक **अनिवार्य आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़** है, जो **किसी भारतीय नागरिक को सीमित अवधि के लिये संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति** देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ILP का उद्देश्य भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास स्थित कुछ क्षेत्रों में **आवागमन को विनियमित** करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह वर्तमान में **अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिज़ोरम और मणिपुर** में लागू है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- दबाव समूह **बाहरी लोगों के आगमन को नियंत्रित करने** के लिये राज्य में ILP व्यवस्था को लागू करने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि **स्वदेशी जनजातीय आबादी** को हाशिये पर धकेले जाने का डर है।
  - **गारो** की जनसंख्या लगभग 10 लाख है, जबकि **खासी की जनसंख्या 13-14 लाख के बीच** है।




72.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL):**

- PSL **RBI द्वारा निर्धारित एक अनिवार्य शर्त** है जिसके तहत बैंकों को अपने **ऋणों का एक निश्चित हिस्सा उन प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित करना होता है,** जो ऋण की कमी का सामना कर रहे हैं, लेकिन समावेशी आर्थिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **PSL को RBI के अनौपचारिक अध्ययन समूह की रिपोर्ट (वर्ष 1971) के आधार पर वर्ष 1972 में औपचारिक रूप** दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - प्रारंभ में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था, लेकिन **वर्ष** 1974 में बैंकों को **वर्ष 1979 तक PSL को 33.3%** तक बढ़ाने की सलाह दी गई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- कृष्णास्वामी समिति (वर्ष 1980) ने वर्ष 1985 तक 40% PSL लक्ष्य की सिफारिश की, जिसमें **कृषि और कमज़ोर वर्गों** के लिये उप-लक्ष्य भी शामिल थे।
- **उषा थोराट समिति (वर्ष 2009)** ने PSL के विस्तार में इसकी भूमिका के लिये LBS को जारी रखने का समर्थन किया।

- **बैंकों के लिये PSL लक्ष्य:**

| बैंक श्रेणी | लक्ष्य |
|---|---|
| अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB) और विदेशी बैंक (भारत में 20+ शाखाओं के साथ) | ANBC या CEOBE का 40%, जो भी अधिक हो |
| विदेशी बैंक (20 से कम शाखाएँ) | ANBC या CEOBE का 40% (निर्यात ऋण: न्यूनतम 32%, और गैर-निर्यात क्षेत्र 8%) |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) और लघु वित्त बैंक (SFB) | ANBC या CEOBE का 75%, जो भी अधिक हो |

- **लक्ष्य पूरा न कर पाने की स्थिति में बैंकों के लिये प्रावधान:** यह सुनिश्चित करने के लिये कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों तक धनराशि की उपलब्धता बनी रही, PSL लक्ष्य पूरा करने में विफल रहने वाले बैंकों को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) और अन्य निर्दिष्ट निधियों में निश्चित ब्याज दरों पर योगदान करना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

73.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**SEBI ने दोगुनी की FPI प्रकटीकरण सीमा:**

- **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)** ने **विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI)** के लिये **प्रकटीकरण सीमा** को **25,000 करोड़ रुपए** से बढ़ाकर **50,000 करोड़ रुपए** कर दिया है। इस प्रकार, इस सीमा को पार करने वाले FPI को अब लाभकारी स्वामित्व और अन्य प्रमुख निवेश विवरणों का खुलासा करना होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**FPI हेतु ग्रैन्युलर थ्रेशोल्ड में वृद्धि:**

- **उद्देश्य: बाज़ार की संवृद्धि के साथ विनियमों को संरेखित करना** क्योंकि **वित्त वर्ष 2022-23** से **इक्विटी ट्रेडिंग** की मात्रा लगभग दोगुनी हो गई है।
    - इसका उद्देश्य व्यापार को सुकर बनाते हुए **पूंजी अंतर्वाह को बढ़ाना** और **मध्यम और लघु FPI** के लिये **अनुपालन को सरल** बनाना है।
- **FPI:** ये ऐसी संस्थाएँ हैं जो अपने पोर्टफोलियो को विविध बनाने और **प्रतिफल अर्जित करने के लिये विदेशी बाज़ारों** में **स्टॉक, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड** और **एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF)** जैसी **प्रतिभूतियों और वित्तीय परिसंपत्तियों** में निवेश करती हैं।
    - भारत में FPI को **SEBI (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) विनियम, 2019** के तहत SEBI द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

74.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग:**

- **परिचय:** NJAC एक प्रस्तावित **संवैधानिक निकाय** था जिसका उद्देश्य **सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय** में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये **कॉलेजियम प्रणाली** को प्रतिस्थापित करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - न्यायिक नियुक्तियों के लिये एक नई प्रणाली स्थापित करने के लिये **99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2014** और **NJAC अधिनियम, 2014** पारित किये गए थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरचना:** NJAC में निम्नलिखित शामिल होंगे:
    - **भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI)** पदेन **अध्यक्ष होंगे।**
    - **सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीश** पदेन सदस्य होंगे।
    - **केन्द्रीय विधि मंत्री** पदेन सदस्य होंगे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **नागरिक समाज** से **दो प्रतिष्ठित व्यक्ति**, जिनका चयन मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और **नेता प्रतिपक्ष** (SC/ST/OBC/अल्पसंख्यकों/महिलाओं में से एक) की समिति द्वारा किया जाएगा।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **वीटो शक्ति:** यदि कोई दो सदस्य असहमत हों तो वे **किसी सिफारिश को रोक सकते हैं।**
  - **नियुक्ति मानदंड: वरिष्ठता, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व** आदि शामिल।
- **वर्ष 2015 में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय:** 5 **न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत** से NJAC को **असंवैधानिक** घोषित करते हुए उसे रद्द कर दिया। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **बहुमत की राय:** NJAC ने **न्यायिक स्वतंत्रता** को कमज़ोर करके **संविधान के मूल ढाँचे का उल्लंघन** किया है।
    - **नियुक्तियों में न्यायपालिका की प्रधानता** मूल संरचना का हिस्सा है, और NJAC ने **कार्यपालिका (कानून मंत्री)** और **गैर-न्यायिक** सदस्यों को **वीटो शक्ति** देकर इसे कमज़ोर कर दिया है।
    - न्यायिक नियुक्तियों में **कार्यपालिका के हस्तक्षेप का जोखिम** एक **बड़ी चिंता** का विषय था।
  - **असहमति (न्यायमूर्ति चेलमेश्वर):** NJAC का समर्थन किया, तर्क दिया कि **कॉलेजियम प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव** है।

**75.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पाल राजवंश**

- **गोपाल** द्वारा स्थापित **पाल वंश** ने 8वीं से 12वीं शताब्दी ई. में बिहार और बंगाल पर शासन किया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - "पाल" एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है "संरक्षक"। इसे सम्राटों के नामों में जोड़ा गया, जिससे साम्राज्य का नाम "पाल" पड़ा।
- गोपाल के शासनकाल में कन्नौज और उत्तर भारत पर नियंत्रण के लिये **पाल, प्रतिहार और राष्ट्रकूट** वंश के बीच **त्रिपक्षीय संघर्ष** हुआ।
- उनके संरक्षण में एक विशिष्ट पाल कला शैली विकसित हुई, जो पाषाण और धातु की उत्कृष्ट मूर्तियों के लिये जानी जाती है।
  - पाल शैली मुख्य रूप से काँस्य मूर्तियों और **तालपत्र चित्रों** के माध्यम से प्रसारित की गई थी, जो बुद्ध और अन्य देवताओं से संबंधित थीं। **अत: कथन 2 सही है।**
- पाल **महायान बौद्ध धर्म के धर्मपरायण संरक्षक** थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**76.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **नाभिकीय विखंडन** में, **उत्पादों का द्रव्यमान अभिकारकों के द्रव्यमान से कम होता है।**
  - **द्रव्यमान में** यह अंतर ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है, जैसा कि आइंस्टीन के समीकरण, **$E=mc^2$ द्वारा वर्णित है,** जहाँ E ऊर्जा है, m द्रव्यमान है और c प्रकाश की गति है। यह मुक्त ऊर्जा ऊष्मा के रूप में होती है, जिसका उपयोग परमाणु रिएक्टरों में किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **विखंडन प्रक्रिया में श्रृंखला अभिक्रिया को** बोरॉन **या** कैडमियम **जैसे पदार्थों** से बने **नियंत्रण छड़ों का उपयोग करके नियंत्रित किया** जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ये पदार्थ न्यूट्रॉन-अवशोषित करने वाले होते हैं और जब इन्हें रिएक्टर कोर में डाला जाता है, तो ये अतिरिक्त न्यूट्रॉन को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे श्रृंखला अभिक्रिया को बनाए रखने के लिये उपलब्ध न्यूट्रॉन की संख्या कम हो जाती है। यह विखंडन प्रक्रिया को विनियमित या रोकने में मदद करता है।
- नाभिकीय अभिक्रियाएँ **पदार्थ के संरक्षण के नियम का पालन नहीं करती हैं। वे द्रव्यमान-ऊर्जा के संरक्षण के नियम का** पालन करती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - हालाँकि द्रव्यमान और ऊर्जा समग्र रूप से संरक्षित रहते हैं, **उत्पादों का द्रव्यमान अभिकारकों के द्रव्यमान के बराबर नहीं होता है,** क्योंकि **द्रव्यमान की एक छोटी मात्रा ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ◆ द्रव्यमान संरक्षण का नियम रासायनिक अभिक्रियाओं पर लागू होता है, लेकिन नाभिकीय अभिक्रियाओं में द्रव्यमान ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है, इसलिये **द्रव्यमान-ऊर्जा संरक्षण** प्रासंगिक सिद्धांत है।

77.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य निगम (FCI) की स्थापना खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत भारत में खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण और वितरण के प्रबंधन हेतु एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **FCI द्वारा अधिग्रहित खाद्यान्न की आर्थिक लागत** में खरीद **मूल्य (जिस मूल्य पर FCI अनाज खरीदता है), खरीद लागत (अधिग्रहण की प्रक्रिया में होने वाला खर्च)** और **वितरण व्यय** (ढुलाई, हैंडलिंग, भंडारण और परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान से संबंधित लागत) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

78.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **एजेंडा 21 को वर्ष 1992 में रियो डी जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में** 21वीं सदी में सतत् विकास हेतु एक व्यापक योजना के रूप में अपनाया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दि घोषणा से संबंधित सहस्राब्दि विकास लक्ष्य (MDG) सितंबर **2000 में प्रस्तुत** किये गये थे।
- इसके बाद वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में वर्ष 2030 तक वैश्विक विकास हेतु एक व्यापक एवं अधिक एकीकृत ढाँचे के रूप में **17 सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** को अपनाया।
  - ◆ इस प्रकार सही कालानुक्रम- **एजेंडा 21 (3) → MDG (1) → SDG (2)** है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

79.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अभ्यास गरुड़ शक्ति भारत और इंडोनेशिया** के बीच एक द्विपक्षीय संयुक्त विशेष बल अभ्यास ह , जिसे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मज़बूत करते हुए सैन्य सहयोग, अंतर-संचालन तथा आपसी समझ को बढ़ाने हेतु परिकल्पित किया गया है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **एकुवेरिन, जिसका अर्थ** "मित्र" है, **भारतीय सेना** और **मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF)** के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है, जिसका उद्देश्य विद्रोह तथा आतंकवाद विरोधी अभियानों में समन्वय में सुधार करना है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **हैंड-इन-हैंड भारत और चीन** के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जो संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत आयोजित किया जाता है, यह आतंकवाद विरोधी अभियानों तथा उनकी सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाने पर केंद्रित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

80.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA):**

- **इसकी स्थापना वर्ष** 1957 में परमाणु ऊर्जा के **शांतिपूर्ण** उपयोग को बढ़ावा देने और परमाणु हथियारों सहित इसके सैन्य उपयोग को रोकने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्यालय **वियना, ऑस्ट्रिया में है** और इसे वर्ष 2005 **में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।**
- यह **एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करता है** तथा **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** और **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) दोनों को रिपोर्ट करता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**